हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 23 अगस्त 2026



तरकश

संजय के. दीक्षित

50 लाख की पूजा का असर!

2 अगस्त के इसी स्तंभ में जिक्र हुआ था कि एक कलेक्टर ने आगे सब कुछ ठीक रहे, इसलिए कामख्या में विशेष अनुष्ठान कराया है। इसके लिए उन्हें पंडित को 50 लाख रुपए देने पड़े थे। ये पैसे जिले के कुछ ठेकेदारों और सप्लायरों ने चंदा कर जुटाया। बहरहाल, 18 अगस्त की आईएएस लिस्ट के बाद सूबे के कई कलेक्टर कामख्या के उस पंडित जी का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं, जो चाहते हैं कि कलेक्टरी का सफर उनका आगे भी कंटिन्यू रहे। दरअसल, जिस कलेक्टर ने आधा करोड़ का स्पेशल अनुष्ठान कराया, उसका चमत्कारिक असर दिखा। वरना, जिस तरह जिले में उन्होंने दुःसाहसी और ब्लाइंड फैसले किए, उससे उन्हें भी भरोसा नहीं रहा होगा कि उनका अच्छा होगा।

कलेक्टर बैक टू रायपुर

चीफ सिकेट्री विकास शील ने कलेक्टरों की कई वीडियो कांफ्रेंसिंग में कई अफसरों को चेताया था कि बिना इजाजत मुख्यालय न छोड़ें। इसके बाद भी कुछ कलेक्टर आदतों से बाज नहीं आए। इसका नतीजा यह हुआ कि एक कलेक्टर की छुट्टी हो गई। बताते हैं...जिला छोड़ बार-बार रायपुर भाग आने से मुख्य सचिव बेहद खफा थे। उन्होंने दो टूक कह दिया था...फलां कलेक्टर ठीक नहीं। अब सीएस का फारमान था, सो नोटशीट चली। मगर, चूकि प्रभावशाली जिले से जुड़ा मामला था, लिहाजा उसे क्लियर होने में तीन-चार दिन का वक्त जरूर लगा। लेकिन, जीएडी ने अल्टीमेटली आदेश निकाल दिया। अलबत्ता, लिस्ट में कलेक्टर का नाम देख लोग चौंके। क्योंकि, किसी को अंदेशा नहीं था कि कलेक्टर साब को कोई रायपुर भी बुला सकता है। लोग तो उनके बारे में ये कहते थे, जब आना होगा...वे अपने मन से आएंगे।

बड़ी डील, बड़ा झटका



नगरीय प्रशासन के कुछ अधिकारियों ने दुर्ग नगर निगम में विभागीय अधिकारी को कमिश्नर बनाने पूरी स्ट्रेटजी तैयार कर ली थी। विभागीय मंत्री से प्रशासकीय अनुमोदन भी हो गया था। सिर्फ आदेश निकलना बाकी था कि सौदेबाजी की बात लीक हो गई। और सिकेट्री अर्बन एडमिनिस्ट्रेशन आर. शंगीता ने नोटशीट समन्वय में भेज दी। अब समन्वय में क्यों और कैसे भेजी, ये बात फिर कभी। अभी सिर्फ इतना कि आईएएस सुमित अग्रवाल के हटने के बाद दुर्ग निगम कमिश्नर का पद खाली था। बताते हैं, नगरीय प्रशासन संचालनालय में कोई डिप्टी डायरेक्टर हैं, उन्हें कमिश्नर बनाने पूरा खेल किया गया। डिप्टी डायरेक्टर पिछली सरकार में पूरे पांच साल पाटन और कुम्हारी नगरीय निकाय में सीएमओ रहे। इसके बावजूद...सबसे बड़ा रुपैया। हालांकि, नगरीय प्रशासन के माफियाओं ने आखिरी प्रयास इस रूप में किया कि दुर्ग निगम कर्मचारी संघ भी आगे आ गया। संघ भी नहीं चाहता था कि कोई आईएएस या एसएएस कमिश्नर बन जाए। सो, डायरेक्टेट पहुंच कर वेतन लटकने से लेकर तमाम तरह की बातें हुई। मगर सिस्टम ने खेल को समझते हुए फिर से आईएएस को दुर्ग नगर निगम में बिठा कर पोस्टिंग के खेल पर ब्रेक लगा दिया।

विभागीय अफसरों पर ब्रेक

रायपुर, बिलासपुर और भिलाई जैसे बड़े नगरीय निकायों में कमिश्नर के पद पर आईएएस बिठाने का काम छत्तीसगढ़ के फर्स्ट सीएम अजीत जोगी ने शुरू किया था। रायपुर में उन्होंने सोनमणि बोरा को कमिश्नर बनाया था तो बिलासपुर में डॉ0 एसके राजू को। मगर छोटे निगमों में विभागीय अधिकारियों को कमिश्नर बनाने का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा। पिछली सरकार में इस पर ब्रेक लगाने का काम किया डिप्टी सिकेट्री टू सीएम सौम्या चौरसिया ने। तब नगरीय प्रशासन से आदेश निकला कि नगर निगमों में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ही आयुक्त बनाए जाएंगे। उसके बाद फिर विभागीय अधिकारियों को कम-से-कम नगर निगमों में आयुक्त बनने का कोई मौका नहीं मिला। मगर सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद पता नहीं किन लोगों ने विभाग के लोगों को मिसगाइड कर विभागीय अधिकारी को दुर्ग जैसे संभागीय मुख्यालय के नगर निगम में बिठाने का प्रपंच रच डाला, सरकार को इसकी जांच करा पनिश करना चाहिए।

कमिश्नर का रिकार्ड

नगरीय प्रशासन सचिव के लिए नाम पहले 2005 बैच के एक आईएएस अफसर का चला मगर लिस्ट निकलने के तीन-चार दिन पहले सोनमणि बोरा का नाम अचानक चर्चा में आ गया। और फिर उनके नाम पर मुहर भी लग गई। बहरहाल, इम्पॉर्टेंट यह है कि नए अर्बन सिकेट्री सोनमणि बोरा छत्तीसगढ़ के उन दो आईएएस अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें दो नगर निगम में कमिश्नर रहने का अवसर मिला। बोरा अजीत जोगी शासन काल में पहले रायपुर में कमिश्नर रहे, फिर रमन सिंह सरकार में बिलासपुर के निगम कमिश्नर। सोनमणि के अलावा अवनीश शरण बिलासपुर और रायपुर निगम के कमिश्नर रहे हैं। सोनमणि के साथ खास बात यह है कि उन्होंने अधिकांश पोस्टिंग बिलासपुर में की है। बिलासपुर नगर निगम आयुक्त के साथ वे गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार रहे। बिलासपुर जिला पंचायत सीईओ। फिर कलेक्टर बिलासपुर और उसके बाद डिविजनल कमिश्नर बिलासपुर। जाहिर है, बोरा को लंबे समय बाद अच्छी पोस्टिंग मिली है। रमन सिंह की तीसरी पारी में भी उन्हें महिला बाल विकास जैसे विभाग मिलते रहे। कांग्रेस सरकार में वे सिकेट्री राजभवन रहे। इसके बाद वे सेंट्रल डेपुटेशन चले गए। बीजेपी की सरकार बनने के बाद वे लौटे तो महीने भर बिना विभाग के रहे। फिर ट्राईबल का दायित्व मिला। खैर, नया दायित्व मिलने के बाद पहली ही मीटिंग में सोनमणि ने तेवर दिखाया...रायपुर निगम के डिप्टी कमिश्नर हेल्थ की क्लास ले ली। आगे भी उनका ये तेवर जारी रहे, तो सूबे के लिए बढ़िया होगा।

गजब का सरप्राइज



बीजेपी ने नितिन नबीन की टीम बनाने में भी लोगों को खूब चौंकाया। खासकर, छत्तीसगढ़ में जिनके नामों की चर्चाएं रही...जो नितिन नबीन के करीबी रहे...उनमें से एक को भी मौका नहीं मिला, और जिनका दूर-दूर तक कोई अंदेशा नहीं था, उन्हें बड़ा ब्रेक मिल गया। जाहिर है, नितिन की टीम में छत्तीसगढ़ से तीन नेताओं को शामिल किया गया है। रुप कुमारी चौधरी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, दीपक म्हस्के सोशल मीडिया सेल के प्रमुख दीपक म्हस्के और डॉ. संदीप पाठक राष्ट्रीय मंत्री। खैर, रुप चौधरी तो नहीं मगर दीपक म्हस्के के नाम से बीजेपी के लोग भी चकित रह गए। दीपक सीजीएमएससी के चेयरमैन हैं, शायद उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि नेशनल लेवल का पद इस तरह चलकर आ जाएगा।

अंत में दो सवाल आपसे

1. चेयरमैन और सिंगल मेंबर मिल पीएससी चला रहे, वहां सदस्यों की भर्ती क्यों नहीं हो पा रही?
2. राजधानी रायपुर में वो कौन सा ऐसा समारोह था, जिसमें पूर्व मुख्य सचिवों समेत बड़े-बड़े लोगों के मोबाइल गेट पर रखवा लिए गए ?

Regd. No: 122202540752
CSWA
छत्तीसगढ़ सोलर वेलफेयर एसोसिएशन
द्वारा आयोजित
छत्तीसगढ़ संवाद
समापन एवं सम्मान समारोह
23 अगस्त 2026
पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम
रायपुर, छत्तीसगढ़
संवाद • सम्मान • सहभागिता • संभावनाएँ • समाधान
जहाँ सौर ऊर्जा उद्योग, सरकार, वित्तीय संस्थान और उद्यमी
एक मंच पर करेंगे भविष्य की ऊर्जा पर संवाद
मुख्य अतिथि
मा. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
अध्यक्षता
मा. श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
सांसद, रायपुर लोकसभा
विशेष अतिथि
मा. श्री पुरंदर मिश्रा जी
विधायक-रायपुर उत्तर
विशेष अतिथि
मा. श्री भूपेंद्र सवन्नी जी
चेयरमैन- क्रेडा
1500+ उद्योग विशेषज्ञ | प्रमुख सोलर कंपनियाँ | ऊर्जा विभाग
बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान | EPC एवं टेक्नोलॉजी लीडर्स | लघु एवं मध्यम सोलर उद्यमी
Diamond Sponsor
EN-ICON Harvesting the sun
Platinum Sponsor
WAAREE One with the Sun
HAVELLS
Eastman Solar
Reliance NEW ENERGY
विशेष आकर्षण
MEGA SOLAR WORKSHOP
SOLAR INDUSTRY & EPC NETWORKING
BUSINESS OPPORTUNITIES
PANEL DISCUSSION
SOLAR AWARDS & FELICITATIONS
पंजीकृत सदस्यों के द्वारा पंजीकृत सदस्यों के लिए

avinash
a relation for life
AVINASHONE
INAUGRATION
Club ONE
TODAY At 12:00 Noon
A CURATED WELLNESS SESSION
ROOTED
with
ANSHUKA PARWANI
Celebrity Yoga Instructor & Wellness Expert, Mumbai
12:30 PM Rooted in Movement
1:30 PM Rooted in Breath
3:30 PM Rooted in Nourishment
Experience every corner of the club curated specially for you
Step Into Elevated Living with
PREMIUM
3 & 4 BHK
RESIDENCES
Ready For Possession.
WWW.AVINASHGROUP.COM
9907588444
PCGRERA260721001237

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹121670/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹148600/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹162211/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
aNAND Jewels Pandri, Raipur

छत्तीसगढ़ की चारों शक्कर मिलों में दो साल में गन्ने की पेराई करीब 33 प्रतिशत तक घट गई है।



10.33 लाख टन गन्ने की पेराई | घटकर महज 6.92 लाख टन रह गई

कवर्धा की दोनों शक्कर मिलों के पास भी बाजार में बेचने के लिए स्टॉक नहीं

गुड़ वालों ने गन्ना खींचा, शक्कर कारखानों से किसानों की दूरी, उत्पादन 33 फीसदी कम

गुड़ फैक्ट्रियां दे रहीं ज्यादा कीमत

जिले और प्रदेश में संचालित गुड़ फैक्ट्रियां कई बार शक्कर कारखानों की तुलना में अधिक कीमत पर किसानों से नगद गन्ना खरीद रही हैं। इससे मिलों तक पहुंचने वाला गन्ना कम हो रहा है। गन्ने की खरीदी में गुड़ फैक्ट्रियों की बढ़ती प्रतिस्पर्धा शक्कर मिलों के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। किसानों का गन्ने की खेती की ओर ▶▶| शेष पेज 5 पर

महेश मिश्रा ▶▶| कवर्धा

शक्कर की मिठास महंगी हो रही है, लेकिन प्रदेश की शक्कर मिलों के लिए गन्ना लगातार कड़वा होता जा रहा है। किसानों का गन्ने से ज्यादा दाम देने वाली गुड़ फैक्ट्रियों की ओर रुख और घटते रकबे का असर शक्कर कारखानों तक पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ की चारों शक्कर मिलों में दो साल में गन्ने की पेराई करीब 33 प्रतिशत तक घट गई है। वर्ष 2023-24 में जहां 10.33 लाख टन गन्ने की पेराई हुई थी, वहीं 2025-26 में यह घटकर महज 6.92 लाख टन रह गई। इसका असर सीधे तौर पर शक्कर की आपूर्ति पर पड़ रहा है।


मां महामाया शक्कर कारखाना

खास खबर



अजय नारायण पाण्डेय ▶▶| अम्बिकापुर

सरगुजा संभाग का एक मात्र मां महामाया शक्कर कारखाना लम्बे समय से वित्तीय संकट से जूझ रहा है। कारखाना में पर्याप्त गन्ने की आवक नहीं होने के कारण पिछले तीन सालों से उत्पादन लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। बीते सत्र में कारखाना लक्ष्य का लगभग एक चौथाई शक्कर ही तैयार कर पाई है। अधिकारियों का कहना है कि गांव-गांव में संचालित गुड़ एवं खाड़सारी उद्योगों द्वारा अधिक कीमत में गन्ने की खरीदी करने एवं तत्काल राशि का भुगतान करने के कारण अधिकांश किसान अपना गन्ना निजी संस्थानों को बेच रहे हैं। शक्कर कारखाना द्वारा किसानों को काफी विलम्ब से गन्ने की राशि का भुगतान किया जा रहा है, जिससे किसान शक्कर कारखाना से किनारा करते जा रहे हैं। कारखाना से किसानों की दूरी बढ़ने के कारण गन्ने के रकबे में भी भारी कमी आई है। सहकारी शक्कर कारखाने का लक्ष्य हर दिन 25 मीट्रिक टन गन्ना पेराई का है लेकिन इस बार 10-12 टन से अधिक गन्ना किसी दिन कारखाना तक नहीं पहुंचा जिसके कारण ▶▶|शेष पेज 5 पर

अंबिकापुर में गन्ने की कम आवक, शक्कर कारखाने में लक्ष्य का चौथाई उत्पादन

- शक्कर के दाम 40 से हो गए 70 रुपए किलो
- मिठाइयां 40 रुपए तक महंगी
- मोटा चावल 30 से 40 रुपए
- 22 की कनकी अब 30 रुपए
- मक्के के दाम 20 रुपए से हो गए अब 30 रुपए किलो

पतले चावलों के ऐतिहासिक दाम

पतले चावलों की कीमत में पहली बार ऐतिहासिक इजाफा हुआ है। मप्र सिवनी का काली मूंछ चावल बहुत ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम में दो माह में 15 रुपए तक का इजाफा हुआ है। कारोबारियों के मुताबिक इसके दाम दो माह पहले थोक में 45 सौ रुपए थे, जो अब छह हजार हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम इस समय 65 सौ रुपए हैं। ▶▶| शेष पेज 5 पर

जवां फूल चावल के दाम थोक में बढ़कर अब 115 रुपए



शक्कर चढ़ी तो मिठाई महंगी, चावल मक्का ने भी बढ़ाई थाली की कीमत

राजकुमार ग्वालानी ▶▶| रायपुर

महंगाई की मार चौतरफा पड़ रही है। शक्कर के साथ ही चावल और मक्के के दाम पर दिखने लगा है। शक्कर के दाम जहां पर पहली बार 40 रुपए से सीधे 70 रुपए तक पहुंच गए हैं, वहीं मोटा चावल अब 40 रुपए किलो हो गया है। कनकी, जिनके दाम हमेशा से बहुत कम रहते हैं, उसकी कीमत 30 रुपए हो गई है। पतले चावलों के दाम भी ऐतिहासिक हो गए हैं। चावलों की कीमत में 5 से 20 रुपए तक का इजाफा हो गया है। मक्के के दाम भी आमतौर पर 18 से 20 रहते हैं, लेकिन अब यह थोक में 26 से 28 और चिल्हर में 30 रुपए किलो हो गया है। शक्कर के दाम बीते माह जुलाई से बढ़ने प्रारंभ हुए हैं। जून के अंत में शक्कर के दाम थोक में 38 रुपए थे और चिल्हर में 40 रुपए किलो थे। जुलाई के प्रारंभ में शक्कर के दाम थोक में 39 रुपए से 42 रुपए और चिल्हर में 45 रुपए किलो हुए। इसके बाद इसके दाम में तेजी से इजाफा तक हुआ, जब केंद्र सरकार ने एक अगस्त से स्टॉक की सीमा तय की। अगस्त के प्रारंभ में शक्कर के दाम थोक में 48 रुपए और चिल्हर में 50 रुपए थे। लेकिन इसके बाद अगस्त ▶▶|शेष पेज 5 पर

कनकी के दाम 8 रुपए तक बढ़े

एथेनाल के काम में आमतौर पर कनकी और मोटा चावल आता है। कनकी खाने वाले अब बहुत कम हो गए हैं, क्योंकि गरीबों को तो मुफ्त में चावल मिल जाता है। कनकी के दाम करीब चार साल पहले थोक में 20 रुपए और चिल्हर में 22 रुपए किलो थे, लेकिन अब इसके दाम थोक में 27 रुपए और चिल्हर में 30 रुपए किलो हो गए हैं। मोटा चावल भी जो पहले थोक में 28 और चिल्हर में 30 रुपए किलो था, वह थोक में 35 से 37 और चिल्हर में 40 रुपए ▶▶|शेष पेज 5 पर

मिठाईयां भी महंगी

शक्कर की कीमत बढ़ने का बड़ा असर अब मिठाइयों में भी देखने को मिल रहा है। मिठाईयों के दाम 40 रुपए किलो तक बढ़ा दिए गए हैं। जो काजू कतली पहले 1080 रुपए और 1120 रुपए किलो थी, उसको 1120 और 1160 रुपए कर दिया गया है। इसी तरह से खोवे की मिठाईयों के दाम 600 से 640 और 640 से 680 ▶▶|शेष पेज 5 पर

मक्का पहली बार इतना महंगा

एथेनाल बनाने के काम में मक्का भी आता है। दो-तीन साल पहले मक्के के दाम थोक में 18 रुपए और चिल्हर में 20 रुपए थे। लेकिन अब इसके दाम थोक में 26 से 28 और चिल्हर मे 30 रुपए किलो हो गए हैं। आने वाले समय में इसके दाम में और इजाफा हो सकता है।

बीएससी द्वितीय वर्ष सेकेंड सेमेस्टर के पहले बीएससी फर्स्ट ईयर की प्लांट पैथोलॉजी का पेपर लीक किया

कीटशास्त्र के पर्चे की 'एंडोस्कोपी', पेपर लीक मामले में प्रोफेसर समेत 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष सेकेंड सेमेस्टर कीटशास्त्र प्रश्नपत्र लीक प्रकरण में पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने दुर्ग के एक निजी कॉलेज के प्रोफेसर समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों की पुलिस पतासाजी कर रही है। प्रोफेसर ने लीक पर्चे को छात्रों को 11 तथा 12 हजार रुपए में बिक्री करना कबूल किया है।

पेपर लीक कांड का मास्टर माइंड प्रोफेसर है। पकड़े जाने के बाद प्रोफेसर ने बीएससी फर्स्ट ईयर की प्लांट पैथोलॉजी के पेपर लीक करने का भी अपराध कबूल किया है। प्रोफेसर ने ऑपरेशन में काम आने वाले एंडोस्कोपी कैमरे की मदद से पर्चा लीक किया था।

हरिभूमि फॉलोअप

पूरे मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी क्राइम स्मृतिक राजनाला, डीसीपी सेंट्रल तारकेश्वर पटेल ने बताया कि पर्चा लीक प्रकरण में दुर्ग भारती एग्रीकल्चर कालेज के प्रोफेसर योगेश सोनकेसरिया, छात्र अजय नायक, त्रिदेव पटेल, नितिन पाण्डेय, अनुज मिंज, आदित्य साहू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र लाने की जिम्मेदारी योगेश की थी। इस बात का फायदा उठाते हुए उसने कीटशास्त्र के प्रश्नपत्र के सेट ▶▶|शेष पेज 5 पर



एंडोस्कोपी कैमरे की मदद से पर्चा लीक

पेपर लीक करने का तरीका जानकर पुलिस समेत विश्वविद्यालय प्रबंधन चकित है। प्रश्नपत्र के बंडल को किसी तरह से नुकसान न हो और अंदर रखे प्रश्नों की जानकारी उसके पास आ जाए। इसके लिए प्रोफेसर ने मेडिकल स्टोर से ढाई हजार रुपए में एक एंडोस्कोपी कैमरा खरीदा। इसके बाद उसने उस कैमरे की मदद से प्रश्नपत्र के लिफाफे के साइड में एक छोटा-सा छेद कर कैमरा अंदर डालकर डिवाइस की मदद से अपने मोबाइल में कनेक्ट किया। इसके बाद उसने प्रश्नपत्र के एक-एक शब्द को स्कैन करते हुए कॉपी में नोट किया। पूरे प्रश्न को नोट करने में प्रोफेसर को तीन से चार घंटे का समय लगा।

अजय और उसके दो दोस्तों को बेचा पेपर

पुलिस पड़ताल में जो बातें सामने आई है, उसके मुताबिक अजय नायक तथा उसके दो दोस्तों को प्रोफेसर ने प्रश्नपत्र बेचे। अजय के माध्यम से त्रिदेव ने प्रश्नपत्र खरीदने के बाद उसे वाट्स एप के माध्यम से अपने अन्य दोस्तों के बीच वायरल कर दिया। वायरल प्रश्नपत्र वाट्स एप तथा ई-मेल के माध्यम से कृषि विश्वविद्यालय प्रबंधन तक पहुंचा।

जारी है जांच : साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी सहित छह लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और इसमें जांच जारी है। इसमें और भी जो लोग संलिप्त पाए जाएंगे, उन पर भी कार्रवाई होगी।

एम-टेक की पढ़ाई करने के बाद बना प्रोफेसर

योगेश मूल रूप से मध्यप्रदेश, जबलपुर का रहने वाला है। उसने एम-टेक की पढ़ाई की है। सरकारी नौकरी नहीं मिलने के बाद वह दुर्ग के निजी कालेज में प्राध्यापक की नौकरी करने लगा। योगेश वर्ष 2019 से भारती एग्रीकल्चर कॉलेज में प्रोफेसर है। एक वर्ष पूर्व से वह आईजीकेवी में उत्तरपुस्तिका जमा करने व प्रश्नपत्र लाने का कार्य कर रहा है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

बड़े उद्योग के साथ वन और खनिज संपदा के प्रोसेसिंग यूनिट से बदलेगी बस्तर की तस्वीर

बदलते बस्तर में विकास का रोडमैप पर हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के तीखे सवालों पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने स्पष्ट की शासन और प्रशासन की मंशा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के तकनीक से उद्योग एवं व्यापार सम्मेलन में आज का दिन खास बन गया, जब 31 मार्च 2026 को नक्सलवाद के खात्मे के बाद बस्तर संभाग मुख्यालय में हुए व्यवसायिक कार्यक्रम में राज्य के तीन सफल उद्योगपतियों ने शिरकत कर आने वाले समय में इस अंचल के तेज विकास की न केवल बात की बल्कि स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों को जोखिम के साथ कड़ी मेहनत और ईमानदारी से समय के साथ बदलते परिवेश में आधुनिक तकनीक से जुडकर व्यवसायिक लाभ लेने के गुर बताए। हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने समसामयिक तीखे सवालों और शासन प्रशासन की मंशा के साथ जमीनी हकीकत पर कलेक्टर आकाश छिकारा से परिचर्चा में संवाद कर चेम्बर के व्यापारियों के लिए उद्योग के अलावा और किन-किन क्षेत्रों में किस तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं, इसे सामने लाने का प्रयास किया। उन्होंने तीनों सफल उद्योगपतियों के शुरुआती यात्रा से लेकर अब तक की उपलब्धियों को चिर-परिचित अंदाज में सवाल कर सम्मेलन को रोचक और उपस्थित लोगों के लिए उपयोगी बना दिया।

खास खबर

पहले सत्र में कलेक्टर से परिचर्चा में उन्होंने सवाल किया कि देश की उम्मीद बस्तर पर है। केंद्र सरकार बस्तर को सर्वाधिक समृद्ध आदिवासी संभाग बनाना चाहती ▶▶|शेष पेज 5 पर



आवापल्ली में स्कूल भवन के ठेके से की शुरुआत

उद्योगपति रमेश अग्रवाल ने कहा कि बस्तर के बीजापुर जिले के गांव आवापल्ली में स्कूल भवन का एक ठेका मिला, जहां ईंट नहीं था, इसलिए ईंट भट्टा लगाना पड़ा। उस समय भट्टी में लकड़ी डालने का भी काम करना पड़ा। बारिश होने ▶▶| शेष पेज 5 पर

जोरा माल लेना जोखिम भरा रहा

उद्योगपति विजय झंवर ने बताया कि बिना भवन देखे खण्डहर जैसे जोरा माल खरीदना जोखिम भरा रहा। लेकिन यह सोचकर कि जमीन के भाव में भवन मिल रहा है इसे खूबसुरत इमारत में बदलने का विचार आया। यही विचार सफलता में मील का पत्थर बना। डॉ. हिमांशु ▶▶| शेष पेज 5 पर

आईएएस में दो बार फेल हुए अब 35 देशों में निर्यात

डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उद्योगपति संजय जैन के विषय में कहा कि छोटे से गांव कुनकुरी से हैं, जो आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का क्षेत्र है। बार-बार फेल होने के बाद हिम्मत नहीं हारे और आगे बढ़ते गए। संजय जैन ने अपनी संघर्ष यात्रा में कहा कि व्यापार में वनोपज का वेल्यू एडिशन के साथ शिक्षा के क्षेत्र में अवसर मिला। ▶▶| शेष पेज 5 पर

सेवा संकल्प अभियान की राष्ट्रीय टीम में ओपी चौधरी



रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम की पहली बैठक शनिवार को दिल्ली में हुई। इस बैठक में एक बड़ा फैसला सेवा संकल्प अभियान को लेकर किया गया। इसके लिए एक पांच सदस्यों की एक राष्ट्रीय टीम बनाई गई। टीम में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ▶▶|शेष पेज 5 पर

ट्रेन में कुत्तों की नहीं होगी लड़ाई, एक बॉक्स में दो की जगह एक ही बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं वाली ट्रेनों के बाद अब रेलवे ने पालतू कुत्तों की यात्रा को भी अधिक आरामदायक बनाने की दिशा में कदम उठाया है। रेलवे ने कुत्तों को ट्रेन से ले जाने से जुड़े दशकों पुराने नियम में बदलाव किया है। नए नियम के तहत अब एक डॉग बॉक्स में केवल एक ही कुत्ते की बुकिंग की जा सकेगी। इससे सफर के दौरान कुत्तों के बीच लड़ाई या असुविधा की स्थिति से बचने में मदद मिलेगी। संशोधित नियमों से संबंधित आदेश रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक यात्री विपणन ▶▶|शेष पेज 5 पर



बड़े कुत्तों के लिए विशेष वाहन

बड़े कद वाले कुत्तों को डॉग बॉक्स में बुक नहीं किया जा सकेगा। ऐसे कुत्तों को उपलब्धता के आधार पर विशेष वाहन में बुक करना होगा। इनके लिए रेलवे द्वारा घोड़े के बराबर दर से शुल्क लिया जाएगा। इस शुल्क व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

टाटीबंध फ्लाई ओवर के 126 करोड़ की रिकवरी के लिए बढ़ा दिया टेंडर

यह सरकारी दादागिरी है...जून में बंद होना था कुम्हारी नाका अब अगले साल तक, रोजाना 18 लाख रुपए की वसूली

कभी मेंटेनेंस, कभी ब्रिज के नाम पर वसूली, स्थानीय नेताओं का विरोध भी बेअसर

संदीप उपाध्याय ▶▶| भिलाई

रायपुर से भिलाई को जोड़ने वाला कुम्हारी टोल प्लाजा साल 2006 में डीएस कंट्रक्शन दिल्ली के द्वारा बनाया गया था। इस कंपनी ने रायपुर से लेकर भिलाई तक एनएच की रोड बनाई थी और उसकी रिकवरी के लिए केंद्र सरकार ने उसे 10 लेन का टोल प्लाजा चलाने की अनुमति दी थी। शुरूआती दौर में उसने नेहरू नगर के पास भिलाई और ▶▶|शेष पेज 5 पर

18 लाख प्रतिदिन पर मिला टेंडर

टेंडर कंपनी के डीजीएम फूलसिंह राठौर ने बताया कि टेंडर शर्त के मुताबिक उन्हें टोल प्लाजा से हर दिन 18 लाख रुपए की वसूली करके एनएचएआई को देना है। यानि की हर महीने 5 करोड़ 40 रुपए एनएचएआई कुम्हारी टोल प्लाजा से कमाई कर रहा है। उसके अतिरिक्त जो भी वसूली होती है उसे ठेका कंपनी अपने पास रखती है। ▶▶|शेष पेज 5 पर



पहले से डबल रेट पर हो रही वसूली

कुम्हारी टोल प्लाजा के ऑपरेशन हेड दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि उनके पहले जिस कंपनी को टोल का टेंडर मिला था, उससे एनएचएआई के द्वारा छोटी गाड़ियों से 15 रुपए और बड़ी गाड़ियों से 80 रुपए की वसूली कराई जाती थी। इस टेंडर में यह दर बढ़ा दिया गया है। अब एनएचएआई के निर्देश पर उनके द्वारा छोटी गाड़ियों से 25 रुपए और ▶▶|शेष पेज 5 पर

बाईपास कंप्लीट होने के बाद बंद हो सकता है प्लाजा

दुर्ग रायपुर बाईपास का निर्माण कार्य जारी है। उसके कंप्लीट होने के बाद कुम्हारी टोल को बंद करने का फैसला लिया जा सकता है। रही बात टोल रेट बढ़ाने की तो ये हर साल बढ़ता रहता है। उसी के मुताबिक ही टोल वसूली की जाती है।

-दिग्विजय सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

‘तेरा पापा से विवाद है, ले मैं मंगलसूत्र फेंक देती हूं, लेकिन मुझे छोड़कर मत जा’

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र के संभाजीनगर सुसाइड केस में शनिवार को एक नया वीडियो सामने आया है। वीडियो में बेटे के सुसाइड से पहले मां उसकी जान बचाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करती नजर आ रही। बेबस मां ने अपने बेटे के आगे हाथ जोड़े। उसके पैर तक पकड़ने की बात कही। यह तक कहा-‘तुम्हारा पापा से विवाद है ना देखो, मैं अभी अपना मंगलसूत्र निकालकर फेंक देती हूं! तुम्हारे पिता को छोड़ देती हूं, तुम्हारे साथ चलूंगी हम दोनों साथ रहेंगे, लेकिन मुझे छोड़कर मत जाओ बेटा!’ लेकिन बेटे का दिल नहीं पसीजा। उसने अपनी आंखों के सामने रोते-बिलखते छोड़ दिया और पहाड़ी से नीच कूद गया।

सामने आए नए वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुणाल नाम का युवक सुसाइड करने के इरादे से एक ऊंची पहाड़ी पर खड़ा है। उसकी मां बदहवास हालत में उसे ऐसा करने से रोक रही है। मां चीख-चीखकर उसे पुकार रही है। मां बार-बार कह रही है कि बेटा मैं तेरे पैर पड़ती हूं, तू वापस आ जा, रुक जा ऐसा मत कर लेकिन बेटे नहीं माना। उसने कूदकर जान दे दी। बेटे को बचाने की कोशिश में पिता की मौत हो गई। अपनी आंखों के सामने पति-बेटे को गिरते देख मां सदमें में आ गई। उसने भी पहाड़ी से नीचे छलांग लगा दी।

बेबस मां ने हाथ जोड़े, पैर तक पकड़ने की बात कही, लेकिन बेटे का दिल नहीं पसीजा

महाराष्ट्र के संभाजीनगर सुसाइड केस में एक नया वीडियो सामने आया

आईफोन की जिद ने एक ही परिवार के तीन लोगों की चली गई जान







यह था विवाद

छत्रपति संभाजीनगर के तिसगांव इलाके में शुक्रवार को यह दर्दनाक घटना हुई थी। पुलिस के मुताबिक, 19 वर्षीय कुणाल चांदगुडे का अपने माता-पिता से आईफोन दिलाने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद कुणाल परेशान होकर पहाड़ी पर चला गया। इसकी जानकारी मिलने पर पिता मुरलीधर चांदगुडे और मां संगीता उसे समझाने के लिए वहां पहुंचे। वालुज पुलिस के इंस्पेक्टर रामेश्वर गाड़े ने बताया कि घटना की शुरुआत सुबह करीब 10 बजे हुई। कुणाल आईफोन की मांग कर रहा था। माता-पिता से इसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हुई, जिसके बाद वह खवड्या पहाड़ की तरफ चला गया। पहाड़ी काफी ऊंची और खड़ी चट्टानों वाली है, जिसके नीचे गहरी खाई है।

तीन घंटे तक समझाते रहे माता-पिता

कुणाल के पहाड़ी पर पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद माता-पिता भी वहां पहुंच गए। मां संगीता लगातार बेटे को समझाती रहीं और उससे वापस घर चलने के लिए कहती रहीं. आसपास के गांव के लोग और सरपंच भी मौके पर पहुंच गए। सभी ने कुणाल को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह पहाड़ी से नीचे आने को तैयार नहीं था। हालात गंभीर होने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पहाड़ी के नीचे सुरक्षा जाल लगाने की कोशिश की। इसके बावजूद कुणाल लगातार अपनी जगह बदलता रहा. करीब तीन घंटे तक उसे समझाने और सुरक्षित नीचे लाने की कोशिश चलती रही।

ऐसे बिगड़ी बात

दोपहर करीब 1 बजे कुणाल के पिता मुरलीधर भी उसके करीब पहुंचे. उन्होंने बेटे को समझाने के साथ उसे पकड़कर सुरक्षित वापस लाने की कोशिश की। इसी दौरान कुणाल ने पहाड़ी से नीचे छलांग लगा दी। बेटे को बचाने के प्रयास में पिता ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान दोनों का संतुलन बिगड़ गया और दोनों पहाड़ी से नीचे गिर गए। पति और बेटे को अपनी आंखों के सामने गिरते देख मां संगीता सदमे में आ गईं। पुलिस के मुताबिक, कुछ ही देर बाद उन्होंने भी पहाड़ी से छलांग लगा दी. इस तरह कुछ ही मिनटों में परिवार के तीनों सदस्यों की मौत हो गई।

नहीं कुछ कर पाए पुलिस-फायर ब्रिगेड

घटना के दौरान मौके पर मौजूद गांव के लोगों, पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पूरे घटनाक्रम को अपनी आंखों के सामने देखा। तीनों की मौत के बाद मौके पर मातम छा गया। मृतकों की पहचान 48 वर्षीय मुरलीधर चांदगुडे, उनकी पत्नी संगीता और 19 वर्षीय बेटे कुणाल चांदगुडे के रूप में हुई है। परिवार शहर के झाल्टा फाटा इलाके का रहने वाला बताया गया है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

‘चीनी खरीदनी पड़ रही, ये कैसा आत्मनिर्भर भारत’

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चीनी की बढ़ती कीमतों और घटते स्टॉक को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि त्योहारों से पहले सरकार की नीतियों की कड़वाहट चीनी की मिठास में घुल गई है। खड़गे ने सवाल उठाया कि दुनिया के बड़े चीनी उत्पादक और निर्यातक देश भारत में चीनी का स्टॉक 9 साल के निचले स्तर पर कैसे पहुंच गया। खड़गे ने सरकार से सवाल पूछते हुए 10 लाख टन चीनी को ड्यूटी-फ्री आयात करने की जरूरत पर भी सवाल उठाया।



रिएक्टर ब्लास्ट, दो कर्मचारियों की मौत



भुवनगिरी। तेलंगाना के यादाद्रि भुवनगिरी जिले की एक फार्मा कंपनी में शुक्रवार देर रात रिएक्टर ब्लास्ट हो गया। हादसे के बाद यूनिट में आग लग गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा कर्मचारियों की शिफ्ट बदलने के दौरान हुआ। इसमें दो कर्मचारियों की मौत हो गई। हादसे में नौ लोग घायल हुए हैं। इनमें दो की हालत गंभीर है और वे 50% से ज्यादा झुलसे हैं, जबकि 7 को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया।

सरकार देगी नवजात बच्चों को सोने की अंगूठी



चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने सरकारी अस्पतालों में जन्मे नवजात बच्चों के लिए 1.28 लाख सोने की अंगूठियों के वर्क ऑर्डर जारी किए हैं। इस योजना का बजट 220 करोड़ रुपए है। तमिलनाडु मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन ने जॉयलुक्कास और कल्याण ज्वेलर्स को ऑर्डर दिए। ये अंगूठियां जून से सितंबर के बीच सरकारी अस्पतालों में जन्मे बच्चों को दी जाएंगी।

पुणे की यूनिवर्सिटी में ‘छात्रों की गूंज’ कार्यक्रम के पहले हिंसक झड़प

राहुल के कार्यक्रम के पहले बवाल, आपस में भिड़े एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ता

पुणे में राहुल गांधी के चर्चित कार्यक्रम ‘छात्रों की गूंज’ के पहले राजनीतिक माहौल गरमा गया। भाजपा और कांग्रेस की स्टूडेंट यूनिट अभाविप और एनएसयूआई के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए हैं। इनके बीच जोरदार झड़प हुई है। हालांकि बाद में राहुल का यह कार्यक्रम हुआ। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कई मसलों पर चर्चा की।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का ‘छात्रों की गूंज’कार्यक्रम होने के पहले ही शनिवार को जमकर बवाल हो गया। कार्यक्रम स्थल पुणे के शिवाजीनगर इलाके स्थित सीईओपी टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

एबीवीपी के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ता कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे की छात्राओं पर शनिवार को होने वाले ‘छात्रों की गूंज’ कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराने का दबाव बना रहे थे। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के समर्थन में बोलने वाली दो छात्राओं को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने हॉस्टल के अंदर रोक लिया और उन्हें धमकी दी।

परिसर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को किया गया तैनात

दोनों पक्षों ने लगाए एक-दूसरे पर अलग-अलग आरोप





कांग्रेस का आरोप

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने घटना के बाद हॉस्टल का दौरा किया। उन्होंने दावा किया कि एबीवीपी कार्यकर्ता दोनों छात्राओं को धमका रहे थे। महाराष्ट्र प्रदेश यूथ कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष अक्षय जैन ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं ने अपनी छात्रवृत्ति से जुड़ी समस्याएं उठाई थीं और ‘छात्रों की गूंज’ कार्यक्रम का समर्थन किया था। हालांकि, एबीवीपी के प्रदेश मंत्री अथर्व कुलकर्णी ने आरोप लगाया कि एनएसयूआई के कार्यकर्ता हॉस्टल परिसर में प्रवेश कर रहे थे और छात्राओं पर शनिवार के कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराने का दबाव बना रहे थे।

60 एनएसयूआई कार्यकर्ता लिए गए हिरासत में

पुणे के डीसीपी हसन गौहर ने कहा, ‘हमें दो गुटों के बीच झड़प की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर हमने कुछ लोगों को नारे लगाते और सड़क जाम करने की कोशिश करते हुए पाया; उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।’ पुणे पुलिस ने शनिवार को एबीवीपी के सदस्यों के साथ हुई हिंसक झड़प के बाद 50 से 60 युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया।

लड़कियों का आजाद होना बहुत जरूरी, कार्यक्रम में बोले राहुल



राहुल गांधी ने शनिवार को ‘छात्रों की गूंज’ कार्यक्रम में कहा- देश की लड़कियों का आजाद होना जरूरी है। पिता, पति और बेटे से आपका रिश्ता है, लेकिन आपकी पहचान उनसे नहीं है। राहुल बोले– सिर्फ 8% महिलाओं के पास खुद की प्रॉपर्टी है। मंच से लड़की बोली– एक महीने से ज्यादा बाहर रहे प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने को कहा जाता है। उन्होंने कहा कि मनुस्मृति कहती है लड़की पिता, पति, बच्चों की संपत्ति है। यह शर्मनाक, महिलाओं को आजाद होना चाहिए। वे किसी पर आश्रित नहीं हैं। उन्होंने कहा, ‘महिलाओं के खिलाफ 3 तरह से हिंसा होती है। पहली- पैदा होते ही हत्या, दूसरी- शारीरिक अत्याचार, तीसरी- आर्थिक बंदिशें।’ इस कार्यक्रम में सिर्फ छात्राओं को ही बुलाया गया था। इस दौरान इन्होंने राहुल-राहुल के नारे लगाए।

सज्जन को हीरो कहने पर नाराज सिखों ने राहुल के घर के बाहर किया प्रदर्शन

सिख नेताओं और 1984 के सिख विरोधी दंगों से प्रभावित परिवारों के सदस्यों ने शनिवार को 5, सुनहरी बाग रोड स्थित राहुल गांधी के घर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए पुतला भी फूंका। प्रदर्शनकारी सिख कांग्रेस नेताओं की ओर से पूर्व पार्टी नेता सज्जन कुमार को हीरो और आदर्श बताने वाले बयान से नाराज हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कलका और महासचिव जगदीप सिंह कहलोन ने किया। डीएसजीएमसी के नेता ने कांग्रेस से साफ करने को कहा कि क्या दंगों से जुड़े मामलों में दोषी ठहराए गए सज्जन कुमार को हीरो माना जा रहा है।

एग्जाम में बिजली गुल, हंगामा एनटीए का एक और एग्जाम रद्द



एजेंसी ▶▶| जयपुर

जयपुर में आयुर्वेदिक पीजी एंट्रेंस एग्जाम कई छात्रों की छूटी परीक्षा, जमकर बवाल

राजस्थान के जयपुर में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से करवाए जा रहे आयुर्वेदिक पीजी एंट्रेंस एग्जाम के दौरान लाइट चली गई। एग्जाम कंप्यूटर बेस्ड था।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सत्य साईं पीजी कॉलेज का शनिवार सुबह 10:20 बजे कुछ स्टूडेंट्स के सिस्टम बंद हो गए। इसके बाद अभ्यर्थियों ने सेंटर के बाहर हंगामा कर दिया। ऐसे में यहां पहली पारी का एग्जाम रद्द कर दिया। वहीं एनटीए ने पहली शिफ्ट के आयुर्वेदिक पीजी एंट्रेंस एग्जाम में हुए टेक्विकनल एरर के बाद एग्जाम नहीं दे पाने वाले 49 स्टूडेंट्स के लिए 1 सितंबर को फिर से एग्जाम करवाने की घोषणा की है। यह एग्जाम राजस्थान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर विमेन जयपुर के सेंटर पर होगा।

दूसरी शिफ्ट में भी गफलत

दूसरी शिफ्ट में 3 बजे से होम्योपैथिक पीजी का एग्जाम शुरू होने वाला था। इन स्टूडेंट्स की एंट्री 1 बजे तक थी, लेकिन 3 बजे एंट्री दी गई। लेकिन सेकंड शिफ्ट में बायोमेट्रिक सिस्टम काम नहीं करने कि वजह से स्टूडेंट ने एग्जाम हॉल के बाहर हंगामा कर दिया। बता दें, इससे पहले यूजीसी-नेट की इंग्लिश, कॉमर्स और सोशियोलॉजी विषयों की परीक्षाएं रविवार को रद्द कर गई थीं।

यह बताया छात्रों ने

एग्जाम देने पहुंची डॉ सुधा शर्मा ने कहा- एग्जाम का टाइम शनिवार सुबह 10 से 12 बजे तक था। एग्जाम शुरू होने के 20 मिनट बाद अचानक से कई स्टूडेंट्स के कंप्यूटर बंद पड़ गए। हमें एग्जाम इनविजिलेटर (परीक्षा निरिक्षक) ने कहा कि शॉर्ट सर्किट के कारण लाइट चली गई है। थोड़ी देर में आ जाएगी। ऑब्जर्वर डॉ हर्षिता सचदेवा ने बताया- पावर सप्लाई में कुछ दिक्कत थी, इसीलिए आधे कंप्यूटर बंद हो गए थे। पता नहीं कैसे आधे कंप्यूटर काम कर थे। पावर सप्लाई कभी आ रही थी, कभी जा रही थी। इसीलिए कुछ कंप्यूटर काम नहीं कर रहे थे। एनटीए ने परीक्षा कैंसिल कर दी है।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में एनआईए की छापेमारी

- आतंकी मामले में बिजबेहरा और दूरू में तलाशी

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को दो जगह छापेमारी की। यह कार्रवाई एक आतंकी मामले की जांच के तहत की गई।

अधिकारियों के मुताबिक, एनआईए की टीम ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर बिजबेहरा और दूरू में दो आवासीय घरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि दोनों जगहों पर तलाशी अभियान चलाया गया है। छापेमारी के दौरान क्या मिला, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। जांच एजेंसी की कार्रवाई और बरामदगी से जुड़ी डिटेल का इंतजार है।



पुलवामा आतंकी हमले की आरोपी की जमानत खारिज

जम्मू की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने 2019 पुलवामा आतंकी हमले की आरोपी इंशा जान की जमानत याचिका खारिज कर दी। एनआईए ने आरोप लगाया कि इंशा ने अपने पिता के साथ जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को घर में पनाह, खाना और लॉजिस्टिक मदद दी थी। एनआईए के मुताबिक, उमर फारूक, आदिल अहमद डार और समीर अहमद डार जनवरी 2019 में उसके घर पर हथियारों के साथ रुके थे। एजेंसी ने इंशा और उमर फारूक के बीच वॉट्सएप कॉल, वॉइस नोट्स और तस्वीरों को भी सबूत बताया।

ओडिशा तट के पास कार्गो जहाज डूबा, 22 लापता

भुवनेश्वर। ओडिशा के तट के पास बंगाल की खाड़ी में पनामा के झंडे वाला मालवाहक जहाज एमवी ओशन विनर शनिवार को संपर्क टूटने के बाद डूब गया। जहाज में 24 क्रू सदस्य सवार थे। इनमें 20 चीनी नागरिक, म्यांमार के तीन नागरिक और बांग्लादेश का एक नागरिक शामिल था। भारतीय तटरक्षक बल ने अब तक दो लोगों को बचा लिया है, जबकि बाकी क्रू सदस्यों की तलाश जारी है। भारतीय तटरक्षक बल के मुताबिक, जहाज डूबने से पहले एमवी ओशन विनर से संपर्क टूटने की जानकारी मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि जहाज ओडिशा के पारादीप तट से करीब 240 समुद्री मील दूर डूबा।

यह जहाज शुक्रवार को ओडिशा के तट से रवाना हुआ था और इसमें सिंगापुर के लिए आयरन ओर ले जाया जा रहा था। इससे पहले एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने बताया था कि अधिकारियों को शुरुआत में यह जानकारी नहीं थी कि कितने क्रू सदस्यों को बचाया गया है। अब तटरक्षक बल ने पुष्टि की है कि दो लोगों को बचा लिया गया है।



अमरनाथ यात्रा का मुख्य अनुष्ठान शुरू, यात्रा का समापन 28 अगस्त को

जयकारों के बीच पहलगाम रवाना हुई छड़ी मुबारक

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

भगवान शिव की पवित्र छड़ी ‘छड़ी मुबारक’ के शनिवार को पहलगाम रवाना होने के साथ ही वार्षिक अमरनाथ यात्रा के मुख्य धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। पवित्र छड़ी को यहां दशनामी अखाड़ा भवन से वार्षिक तीर्थयात्रा से जुड़े विभिन्न अनुष्ठानों के लिए पहलगाम ले जाया जा रहा है।

दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा की ओर रवाना होने से पहले शनिवार तड़के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ‘छड़ी मुबारक’ के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में साधुओं के एक समूह ने पूजा-अर्चना की। अमरनाथ यात्रा इस साल खराब मौसम और मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण नौ अगस्त को स्थगित कर दी गई थी, हालांकि इससे जुड़े धार्मिक अनुष्ठान जारी हैं। महंत दीपेंद्र गिरि ने बताया कि 28 अगस्त को ‘श्रावण पूर्णिमा’ के शुभ अवसर पर ‘पूजन’ और ‘दर्शन’ के लिए पवित्र छड़ी को अमरनाथ गुफा ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पवित्र छड़ी शनिवार और रविवार को पहलगाम, 24 अगस्त को चंदनवाड़ी, 25 अगस्त को शेषनाग तथा 26 व 27 अगस्त को पंचतरणी में रुकेगी। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई को शुरू हुई और अब तक 4.80 लाख से अधिक श्रद्धालु यह यात्रा कर चुके हैं। यात्रा का समापन 28 अगस्त को रक्षा बंधन के अवसर पर होगा।

अब तक 4.80 लाख से अधिक श्रद्धालु कर चुके हैं यह यात्रा



खराब मौसम से यात्रा हुई थी स्थगित

इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। हालांकि, 9 अगस्त को ट्रैक को हुए नुकसान और खराब मौसम के कारण यात्रा को इस वर्ष के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसके बावजूद परंपरा के अनुसार अमरनाथ यात्रा से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान जारी हैं। इस साल अब तक 4.80 लाख से अधिक श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। वार्षिक यात्रा का समापन 28 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर होगा।

28 अगस्त को होगा मुख्य पूजन

छड़ी मुबारक को 28 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अमरनाथ गुफा ले जाकर पूजा और दर्शन कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि छड़ी मुबारक शनिवार और रविवार को पहलगाम में रुकेगी। इसके बाद 24 अगस्त को चंदनवाड़ी, 25 अगस्त को शेषनाग और 26 व 27 अगस्त को पंचतरणी में पड़ाव होगा। इसके बाद 28 अगस्त को पवित्र गुफा में मुख्य पूजन और दर्शन होंगे।

रायपुर
रविवार 23 अगस्त 2026
श्रावण शुक्ल पक्ष एकादशी
वर्ष : 25, अंक : 33
पृष्ठ : 12+8+4 =24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 25.6
न्यून. 24.2

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



04 ला रहीं अपनी पहली हॉरर फिल्म

आजकल
02 अब हर शब्द के लिए बुना जाता है जाल



राज्य में अब तक 780 मिमी. से ज्यादा वर्षा, पांच जिले पूरा कर चुके सीजनल कोटा

नहीं थमेगी बारिश... रायपुर और मध्य हिस्से में झमाझम, बंगाल की खाड़ी में नई हलचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

सारे अनुमानों को गलत साबित कर रहा मानसून आने वाले दिनों में भी नहीं थमेगा...। शनिवार को एक बार राजधानी समेत मध्य इलाके में करीब तीन घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। कभी कम तो कभी ज्यादा पानी के प्रभाव से शहर के मुख्य मार्गों पर पानी भर गया। इधर बंगाल की खाड़ी में मानसून को सक्रिय करने वाला नया सिस्टम तैयार हो गया है, जो वर्षा की गतिविधि में कोई खास कमी नहीं आने देगा। राज्य में इस सीजन तक 780 मिमी. बारिश हो चुकी है और पांच जिले अपना सीजनल कोटा पूरा कर चुके हैं। हवा की अनुकूल स्थिति और लगातार तैयार होने वाले सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में लंबा मानसून ब्रेक की स्थिति ⏭शेष पेज 5 पर



यहां हुई बारिश

रायपुर	31.3 मिमी.
माना	18.3 मिमी.
पेंड्रा	50.6 मिमी.
अंबिकापुर	46.2 मिमी.
जगदलपुर	5.9 मिमी.
दुर्ग	30.6 मिमी.
राजनांदगांव	47.0 मिमी.



राज्य में सामान्य से 8 फीसदी कम

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में अब तक 778 मिमी. बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से केवल 8 फीसदी कम है। अभी सारंगढ़-बिलाईगढ़ के साथ मुंगेली, महासमुंद, बलौदाबाजार और बलरामपुर अपनी सीजनल बारिश का कोटा पूरा कर चुके हैं। औसत वर्षा ज्यादा होने की वजह से सरगुजा, बेमेतरा, बस्तर, जशपुर, कांकेर, कोंडागांव, सुकमा जिले अभी औसत से 19 फीसदी कम बारिश का संकट झेल रहे हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky | airtel
चैनल नं. 1155 | चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

तिरुत्तनी मंदिर में चढ़ावे में आया 1 करोड़ कैश

चेन्नई। तमिलनाडु में तिरुत्तनी के अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर में हाल में हुए 11 दिवसीय 'आदि' उत्सव के दौरान भक्तों की ओर से दिए गए चढ़ावे में भारी बढ़ोतरी देखी गई। इस अवधि में मंदिर को एक करोड़ रुपये से अधिक नकदी और बड़ी मात्रा में कीमती धातुएं प्राप्त हुईं। मंदिर को दान पेटियों से कुल 1,05,54,389 रुपए नकद, 293 ग्राम सोना और 7,153 ग्राम चांदी प्राप्त हुई है।

ट्रक से कार टकराने से तीन श्रद्धालुओं की मौत

बैतूल। मप्र के बैतूल जिले में शनिवार तड़के एक कार के खड़े ट्रक से टकराने से एक दंपति समेत तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में छह अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान दीपक रावत (52), पत्नी छाया (42) और प्रभा कवराटे (25) के रूप में हुई है। कार सवार लोग महाराष्ट्र के नागपुर जिले से हैं। सीहोर जिले के कुबेरेश्वर धाम जा रहे थे।

14 नामजद समेत 200 पर एफआईआर दर्ज

रांची। झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में सुधार की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र और छात्र नेताओं के खिलाफ रांची पुलिस ने कार्रवाई की है। हिंसक झड़प के मामले में कोतवाली थाना में तीन अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन मामलों में कुल 14 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है, जबकि करीब 200 अन्य लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

भाजपा मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी, नई टीम से की मुलाकात

वंदे मातरम को लेकर भाजपा देशभर में चलाएगी जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में शनिवार को नितिन नवीन की अध्यक्षता में 65 सदस्यीय नई राष्ट्रीय टीम की पहली बैठक हुई। वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस के फैसले के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया। भाजपा ने कांग्रेस के कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के केवल दो पैरा गाने के फैसले की निंदा की। इस बीच, बैठक में वंदे मातरम का इतिहास और महत्व देशभर में पहुंचाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की नई टीम से मुलाकात की।

भारतीय जनता पार्टी ने वंदे मातरम के केवल दो अंतरे गाने के कांग्रेस के फ़ैसले की शनिवार को एक प्रस्ताव पारित करके निंदा की और कहा कि वह राजनीतिक सहूलियत या तुष्टिकरण के लिए राष्ट्रगीत के सम्मान से कोई समझौता स्वीकार नहीं करेगी। भाजपा ने यहां अपने नए पदाधिकारियों की बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा कि कांग्रेस देश के संवैधानिक संस्थानों या कानूनों को दरकिनार ⏭शेष पेज 5 पर



युवा पीढ़ी के बीच जागरूकता

नवीन ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने खासकर युवा पीढ़ी के बीच जागरूकता अभियान शुरू करने का भी संकल्प लिया है, ताकि छह अंतरों वाले पूरे राष्ट्रगीत और उसके इतिहास को भुलाया न जा सके तथा आने वाली पीढ़ियां वंदे मातरम से जुड़ी भारत की आजादी की यादों को समझ सकें। उन्होंने कहा, यह मामला सिर्फ़ किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं है। यह भारत के सम्मान और देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले अनगिनत देशभक्तों की विरासत से जुड़ा है।

आज हरिभूमि-आईएनएच का कोंडागांव में जिला संवाद


डॉ. हिमांशु द्विवेदी


नीलकंठ टेकाम


सुश्री लता उसेंडी


मोहन मरकाम

प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी करेंगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंडागांव

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में कराए जा रहे विकास कार्यों, शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जिले से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर हरिभूमि-आईएनएच द्वारा 'जिला संवाद 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन रविवार को दोपहर 2 बजे से कोण्डागांव स्थित इंडोर ऑडिटोरियम, ऑफिसर्स हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में होगा। कार्यक्रम में जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जिले के प्रमुख राजनीतिक हस्तियों और प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तार से चर्चा एवं मंथन करेंगे। जिला संवाद में कोण्डागांव विधायक एवं पूर्व मंत्री लता उसेंडी, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष देवकरन मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल होंगे। इसके अलावा कलेक्टर आकांक्षा रिखी, एसपी पंकज झा सहित जिले के अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम ⏭शेष पेज 5 पर

एक का शव मिला, दो लापता

स्कूल से लौट रहे तीन बच्चे घोंघा नदी में बहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्राम पंचायत समडील में स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रहे तीन मासूम बच्चे घोंघा नदी पार करते समय अचानक तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन ने नदी में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। घंटों मशक्कत के बाद एक बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दो अन्य बच्चों की तलाश अभी भी जारी है। जानकारी के अनुसार ग्राम समडील ⏭शेष पेज 5 पर

एसडीआरएफ की टीम करेगी तलाश

थाना प्रभारी अवनीश पासवान ने बताया कि तीनों बच्चे स्कूल से नदी पार कर घर जा रहे थे। नदी में पानी कम था, लेकिन बच्चे तेज बहाव की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ की टीम जल्द गांव पहुंचकर नदी में सर्च ऑपरेशन चलाएगी और लापता दोनों बच्चों की तलाश की जाएगी।

ट्रक और पिकअप में भिड़ंत तीन मजदूरों की गई जान

रेवटी से महुआडीह जा रहे थे 11 मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बीती रात राजपुर-कुसमी मार्ग पर ग्राम सेवारी में मजदूरों से भरी पिकअप और बॉक्साइट लोड ट्रक के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप चालक समेत नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि सभी मजदूर सूरजपुर जिले के चंदौरा-रेवटी क्षेत्र के रहने वाले थे और शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम महुआडीह में खेत में काम करने जा रहे थे।



इनकी हुई मौत

हादसे में नरौला निवासी 34 वर्षीय रन साय पिता राम प्रसाद, 25 वर्षीय उदय कुमार पिता देव साय और 35 वर्षीय अमर साय पिता दशरथ गोड़ की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में अन्नू कुजूर (58), देव कुमार मरावी, भानु प्रताप (38), प्रेम साय (30), अजय कुमार (30), लक्ष्मण कुमार (32), प्रदीप (30), राम सिंह (48) और पिकअप चालक अन्नू कुजूर शामिल हैं। चालक का उपचार राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है, जबकि अन्य घायलों को बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर भेजा गया।





सर्दी-जुकाम की दवा को लेकर केंद्र सरकार का आदेश

मासूमों को न दें दो दवा का कॉम्बिनेशन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगर आपके घर में 4 साल से कम उम्र का बच्चा है और सर्दी-जुकाम के लिए दवा रखी हुई है तो यह खबर आपके काम की है। केंद्र सरकार ने कोल्ड मेडिसिन कॉम्बिनेशन को लेकर नियम और सख्त कर दिए हैं। केंद्र सरकार ने चार साल से छोटे बच्चों के लिए सर्दी-जुकाम की दवा को लेकर शनिवार को आदेश जारी किया है। क्लोरफेनिरामाइन मैलेट, फिनाइलेफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड के कॉम्बिनेशन से बनने वाली सभी दवाएं चार साल से छोटे बच्चों को न दी जाएं।



बोर्ड की सिफारिश के बाद फैसला

सरकार ने एक्सपर्ट कमेटी और ड्रग्स टेक्नीकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिश के बाद यह फैसला लिया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस दवा कॉम्बिनेशन से छोटे बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी जोखिम हो सकते हैं, जबकि इस उम्र के लिए सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं। क्लोरफेनिरामाइन मैलेट और फिनाइलेफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड का कॉम्बिनेशन आमतौर पर सर्दी-जुकाम और नाक बंद होने के बाद दी जाने वाली दवाओं में इस्तेमाल होता है।

इधर, 280 दवाइयों के सैंपल फेल

केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने जुलाई महीने के अपने मासिक औषधि अलर्ट में विभिन्न कंपनियों द्वारा निर्मित दवा के 40 नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया है। राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने भी 240 दवा नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया है। नियमित विनियामक निगरानी गतिविधि के मुताबिक केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के पोर्टल पर हर महीने मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाई गई और नकली दवाओं की सूची जारी की जाती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की ऐतिहासिक प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए 'दिमागी नक्सल' शब्द का प्रयोग किया। अब सवाल उठाए जा रहे हैं कि पीएम किन लोगों को 'दिमागी नक्सल' के नाम से पुकारना चाहते हैं और क्या सच में देश की शांति को इनसे किसी किस्म का खतरा है? क्या मोदी सरकार इस शब्द के माध्यम से अपनी आलोचना करने वाले लोगों पर शिकंजा कसना चाहती है और अभिव्यक्ति की आजादी छीनना चाहती है? जहां एक ओर एनडीए सरकार के प्रयासों से बंदूकधारी नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, वहीं विपक्षी नेताओं द्वारा इस शब्दावली को स्वयं पर ओढ़ना उनकी वैचारिक दिशा पर सवाल खड़े करता है। यह शब्द जितना भारी है, इसके पीछे की राजनीति उतनी ही गहरी और मानवीय संवेदनाओं को झकझोरने वाली है। आज का युवा और उसके नए तरीके के आंदोलन वाक़ई व्यवस्था को असहज कर रहे हैं और इसी कारण येन-केन-प्रकारेण विरोध की हर आवाज़ को कुचलने की कोशिश की जा रही है। नक्सलवाद, अपने मूल रूप में, बंदूक और हिंसा के रास्ते सत्ता को उखाड़ फेंकने की एक विचारधारा रही है। लेकिन दिमागी नक्सल एक बिल्कुल नई गढ़ी हुई शब्दावली है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

अब हर शब्द के लिए बुना जाता है जाल



विश्लेषण

डॉ. चन्द्र त्रिखा

वरिष्ठ स्तंभकार

प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए 'दिमागी नक्सल' शब्द का प्रयोग किया तो इसने पूरे देश के राजनीतिक, सामाजिक और बौद्धिक विमर्श में एक नई और गहरी बहस को जन्म दे दिया। यह मात्र एक राजनीतिक शब्दावली का प्रयोग नहीं था बल्कि भारतीय समाज के भीतर पनप रही एक अदृश्य, सूक्ष्म और कहीं अधिक जटिल चुनौती की ओर किया गया एक अत्यंत गंभीर इशारा था। दशकों से हमारे देश ने जंगलों, बीहड़ों और दुर्गम पहाड़ियों में पनपने वाले उस हथियारबंद नक्सलवाद का सामना किया है जिसने सीधे तौर पर बंदूक के दम पर भारतीय राज्य व्यवस्था और लोकतांत्रिक ढांचे को चुनौती दी थी। आज जब सशस्त्र नक्सलवाद अपने अंतिम दौर में है, तब एक नए प्रकार के खतरे ने समाज में अपनी जड़ें फैलानी शुरू कर दी हैं।

नक्सलवाद क्या था? नक्सलबाड़ी कहां थी? इस 'शब्द' की शुरुआत कहां से हुई? ये चारू मजूमदार, कानू सन्याल आदि कौन थे, इन प्रश्नों के उत्तर शायद उनके पास भी नहीं, जो आज प्रधानमंत्री के स्वाधीनता-दिवस सम्बोधन को लेकर लम्बे-चौड़े बयान दागने में व्यस्त हैं। अब कुछ लोगों को स्वयं को 'दिमागी नक्सल' कहलाने में भी गर्व हो रहा है। हमारे देश में अब किन्हीं भी शब्दों को लेकर बहस-मुबाहसा एक 'राष्ट्रीय हॉबी' बन चला है। भारत के स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से जब प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए 'दिमागी नक्सल' शब्द का प्रयोग किया तो इसने पूरे देश के राजनीतिक, सामाजिक और बौद्धिक विमर्श में एक नई और गहरी बहस को जन्म दे दिया। यह मात्र एक राजनीतिक शब्दावली का प्रयोग नहीं था बल्कि भारतीय समाज के भीतर पनप रही एक अदृश्य, सूक्ष्म और कहीं अधिक जटिल चुनौती की ओर किया गया एक अत्यंत गंभीर इशारा था। दशकों से हमारे देश ने जंगलों, बीहड़ों और दुर्गम पहाड़ियों में पनपने वाले उस हथियारबंद नक्सलवाद का सामना किया है जिसने सीधे तौर पर बंदूक के दम पर भारतीय राज्य व्यवस्था और लोकतांत्रिक ढांचे को चुनौती दी थी। हजारों निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाबलों के जवानों ने इस हिंसक वामपंथी उग्रवाद की कीमत अपनी जान देकर चुकाई है। आज, जब सुरक्षा बलों के अदम्य साहस, लगातार चलाए गए अभियानों और विकास की पहुंच के कारण वह हिंसक और सशस्त्र नक्सलवाद अपने अंतिम प्रहर की ओर बढ़ रहा है, तब एक नए प्रकार के खतरे ने समाज में अपनी जड़ें फैलानी शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य उसी नए खतरे के प्रति देश को आगाह करने का एक प्रयास था, जो बंदूकों से नहीं बल्कि संवाद, विचारों, लेखनी और विमर्श के माध्यम से हमारे समाज के ताने-बाने को भीतर से भेदने का प्रयास कर रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर सत्ता के शीर्ष पर बैठे प्रधानमंत्री किन लोगों को 'दिमागी नक्सल' के नाम से पुकारना चाहते हैं और इनका वास्तविक स्वरूप क्या है।



नकारात्मक 'नैरेटिव'

'दिमागी नक्सल' को यदि इसके गहरे अर्थों में समझा जाए तो यह शब्द, जिन्हें अक्सर वैचारिक नक्सली या 'अर्बन नक्सल' भी कहा जाता है, वे लोग हैं जो कभी प्रत्यक्ष रूप से हाथों में हथियार नहीं उठाते। ये लोग जंगलों में छिपकर पुलिस से मुठभेड़ नहीं करते बल्कि ये हमारे समाज के सबसे सुरक्षित और प्रतिष्ठित हिस्सों में रहते हैं। ये अक्सर समाज के प्रबुद्ध वर्गों- जैसे विश्वविद्यालयों के परिसरों, मानवाधिकार संगठनों, साहित्य, कला और मीडिया के क्षेत्रों-में एक सम्मानित चोले के भीतर छिपे हो सकते हैं। इनका मुख्य हथियार इनकी लेखनी, इनका प्रभावशाली भाषण, इनका अकादमिक शोध और संवाद की वह आकर्षक शैली है, जिसके जरिए ये बहुत ही चतुराई से स्थापित लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं, संवैधानिक संस्थाओं और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ एक निरंतर नकारात्मक 'नैरेटिव' या विमर्श तैयार करते हैं। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के दृष्टिकोण से देखें तो इन दिमागी नक्सलियों का मुख्य लक्ष्य देश की युवा पीढ़ी, विशेषकर छात्रों के भावुक मस्तिष्कों को अपना निशाना बनाना है जो दुनिया को बदलने का आदर्शवादी सपना देखते हैं। ये वैचारिक तत्व समाज की वास्तविक समस्याओं को सुलझाने के बजाय युवाओं के भीतर अपने ही देश, संस्कृति और अपनी ही लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति नफरत, आक्रोश और गहरे अविश्वास के बीज बोते हैं।

न्यायपूर्ण व्यवस्था का निर्माण जरूरी

एक स्वस्थ, परिपक्व और विकासशील लोकतंत्र में सरकार से कड़े सवाल पूछना, उसकी जनविरोधी नीतियों की तीखी आलोचना करना और कमजोर तथा शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए सड़क पर उतरकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराना कोई अपराध नहीं है बल्कि यह एक जागरूक नागरिक का परम कर्तव्य है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए खड़े होने वाले हर व्यक्ति या विश्वविद्यालयों में बौद्धिक बहस करने वाले हर छात्र को संदेह की दृष्टि से देखना और उसे नक्सलवाद का चोला पहना देना स्वयं लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ हो सकता है। यदि असहमति को राष्ट्रद्रोह मान लिया गया तो समाज की सोचने-समझने की शक्ति क्षीण हो जाएगी और एक डर का माहौल पैदा होगा, जो अंततः देश के मानसिक और बौद्धिक विकास को ही पूरी तरह से अवरुद्ध कर देगा। इस पूरे विमर्श को एक बेहद संतुलित, तार्किक और मानवीय नजरिए से देखने की आवश्यकता है। हमें उन विघटनकारी ताकतों, छद्म विचारकों और विदेशी इशारों पर काम करने वाले उन तत्वों को पहचानकर कानून के दायरे में रोकना नितांत आवश्यक है जो हमारे युवाओं के भविष्य और देश की शांति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हमें एक ऐसी न्यायपूर्ण व्यवस्था का निर्माण करना होगा, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर किसी निर्दोष या सवाल पूछने वाले नागरिक का उत्पीड़न न हो और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कोई भी हमारे राष्ट्र की शांति को आग न लगा सके। यही वह संतुलन है जो भारत को भविष्य में एक सशक्त, सुरक्षित और सही अर्थों में एक विचारशील राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करेगा।

प्रत्यक्ष युद्ध से अधिक खतरनाक

अब हम उस सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील सवाल पर आते हैं कि क्या सचमुच में देश की शांति, सुरक्षा और अखंडता को इन लोगों से किसी किस्म का कोई गंभीर खतरा है? इस प्रश्न को लेकर समाज में दो अलग-अलग और बेहद स्पष्ट दृष्टिकोण मौजूद हैं, जिन्हें समझे बिना इस विषय का पूरा सच नहीं जाना जा सकता। यदि हम राष्ट्रीय सुरक्षा और सरकार के नजरिए से इस खतरे का मूल्यांकन करें तो यह खतरा न केवल वास्तविक है, बल्कि किसी भी हथियारबंद विद्रोह से कहीं अधिक विनाशकारी है। किसी भी महान राष्ट्र की नींव केवल उसकी भौगोलिक सीमाओं या सेना की ताकत पर नहीं टिकी होती बल्कि वह नींव उसके नागरिकों के आपसी प्रेम, सामंजस्य और अपनी न्याय व्यवस्था पर उनके अटूट विश्वास में निहित होती है। यदि कोई ऐसा संगठित और वैचारिक समूह निरंतर देश के विकास, उसकी सांस्कृतिक विरासत और उसकी लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ काम करता है तो वह बिना एक भी गोली चला, देश को भीतर से पूरी तरह खोखला कर सकता है। हमारे समाज में जाति, धर्म और भाषा की जो प्राकृतिक विविधताएं हैं, ये तत्व उन्हें खाई में बदलने का प्रयास करते हैं। युवाओं को गुमराह करके उन्हें अलगाववाद या अराजकता के अंधे कुएं में धकेलना किसी भी प्रत्यक्ष युद्ध से अधिक खतरनाक साबित हो सकता है।

सरकार की नीतियों से असहमति

यह एक धीमा जहर है जो समाज की नसों में इस तरह घोला जाता है कि बीमार होने वाले को अपनी बीमारी का अहसास तक नहीं होता। जब विदेशी मंचों पर देश की छवि को जानबूझकर धूमिल किया जाता है, जब विकास की हर परियोजना को पर्यावरण या अधिकारों के नाम पर रोकने की साजिश रची जाती है, तो निश्चित रूप से यह देश की शांति और आर्थिक सुरक्षा के लिए एक बहुत बड़ा और गंभीर खतरा बन जाता है। हालांकि, इस विमर्श का एक दूसरा और उतना ही महत्वपूर्ण तथा मानवीय पहलू भी है जो सीधे तौर पर हमारे जीवंत लोकतंत्र की सेहत और आम नागरिकों की स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। आलोचकों, स्वतंत्र विचारकों, पत्रकारों और नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं की यह एक बहुत ही गहरी और वाजिब चिंता है कि 'दिमागी नक्सल' या 'अर्बन नक्सल' जैसे शब्दों की हमारे संविधान या दंड संहिता में कोई स्पष्ट कानूनी या अकादमिक परिभाषा मौजूद नहीं है। जब किसी अपराध या गतिविधि की कोई स्पष्ट सीमा रेखा नहीं होती तो इस बात का डर हमेशा और बहुत मजबूती से बना रहता है कि कहीं इस भारी-भरकम शब्द का इस्तेमाल सत्ता द्वारा उन तमाम लोकतांत्रिक आवाजों को डराने, धमकाने या कुचलने के लिए न किया जाए, जो केवल व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे हैं या सरकार की नीतियों से तार्किक रूप से असहमत हैं।

चुनी हुई सरकार से सवाल करना नागरिक का अधिकार



बहस

चरणजीत चरण

स्वतंत्र पत्रकार

लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष के बीच सत्ता प्राप्ति की चाहत में निरंतर एक संघर्ष और विमर्श चलता रहता है और चलता भी रहना चाहिए। इसी से लोकतंत्र की सेहत दुरुस्त रहती है क्योंकि इसी संघर्ष से चुनावी वादे और नैरेटिव का जन्म होता है। लोकतंत्र में अगर विपक्ष निष्क्रिय हो जाएगा तो सत्ता को राजशाही में बदलने से कोई नहीं रोक सकता। इधर सत्ता में बैठी हुई पार्टी भी अपनी सत्ता को बनाए रखने की कोशिश में नारे और नैरेटिव का खेल खेलती है। इसी नैरेटिव को गढ़ने की कोशिश में नए शब्द गढ़े जाते हैं। शब्दों की इसी श्रृंखला में कई वर्ष पहले 'अर्बन नक्सल' एक शब्द आया था। अब इसी अर्बन नक्सल को और थोड़ा परिष्कृत करके प्रधानमंत्री के द्वारा लाल किले की प्राचीर से एक नया शब्द 'दिमागी नक्सल' का प्रयोग हुआ। शब्द के प्रयोग के बाद उसकी व्याख्या शुरू हुई, वाद-विवाद हुए, अर्थ-अनर्थ निकाले गए। इस तरह एक शब्द को लेकर एक नई बहस शुरू हो गई।

विपक्ष के लोगों ने 'दिमागी नक्सल' शब्द को अपनी परिभाषा दी है, जो भी सत्ता से सवाल पूछेगा उसको 'दिमागी नक्सल' बोला जाएगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था मत देने वाले हर व्यक्ति को यह अधिकार देती है कि वह अपनी चुनी हुई सरकार से सवाल करे। इन सवालों की प्रासंगिकता उस वक्त और बढ़ जाती है जब व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर परेशानियां निरंतर बढ़ने लगती हैं और उनके समाधान नहीं ढूंढे जाते हैं। देश में पिछले कई वर्षों से पेपर लीक एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है। पेपर लीक के इन मामलों में कई रसूखदार लोग भी पकड़े गए, लेकिन समस्या खत्म होने के बजाए और बढ़ती गई। आखिर देश की युवा पीढ़ी का गुस्सा आग बनकर सड़कों पर उतरा जिसने हिंसा का रूप ले लिया। कई सुरक्षाकर्मी घायल हुए जो नहीं होने चाहिए थे। सरकार में शीर्ष पदों पर बैठे हुए लोगों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ जो नहीं होना चाहिए था। इसी संदर्भ में सत्ता और विपक्ष दोनों तरफ से कुछ नए नैरेटिव गढ़े गए और नए शब्दों का भी प्रयोग हुआ, इसलिए सवाल भी दोनों तरफ उठते हैं। क्या सत्ता से सवाल पूछना अपराध है या सरकार के किसी कृत्य का विरोध करना गुनाह है या सवाल पूछने वालों को प्रभावहीन बताकर उनकी उपेक्षा करना उचित है। बहुत आवश्यक है कि लोकतंत्र में सागर की तरह हलचल होती रहनी चाहिए। दूसरी तरफ विपक्ष का भी यह धर्म है कि वह अपनी बंदूक समाज के किसी ऐसे वर्ग के कन्धों पर ना रखे, जो मासूम हो। जंतर-मंतर पर होने वाले छात्र आंदोलन के माध्यम से जो कुछ हुआ, वह विरोध कम संघर्ष अधिक था। शीर्ष पर बैठे लोगों के लिए जिस तरह के अपशब्दों का प्रयोग किया गया, वह किसी भी सभ्य समाज में जायज नहीं ठहराया जा सकता। शायद इसी को काउंटर करने के लिए प्रधानमंत्री को 'दिमागी नक्सल' शब्द का प्रयोग करना पड़ा। 'अर्बन नक्सल' से दिमागी नक्सल तक की ये शाब्दिक यात्रा अनायास नहीं है। इसके पीछे भी बहुत सारे तर्क हैं। केवल जंतर-मंतर के आंदोलन से इसे जोड़ना ठीक नहीं होगा। भारत के बड़े भूभाग जिसमें बंगाल, बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र तक नक्सलवाद का प्रभाव रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ तो नक्सलवाद के केंद्र के रूप में उभरा है। लेकिन गृह मंत्रालय और भारतीय सशस्त्र बलों के अथक प्रयास के पश्चात देश के सभी हिस्सों से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो चुका है। अब सरकार को चिंता इस बात की है कि इसी विचारधारा के शहरों में बैठे लोग कहीं फिर से युवाओं के मन में इस विचार का बीजारोपण न कर दें। इसी को लेकर सरकार की चिंताएं बहुत हद तक वाजिब भी हैं। यह मामला कितना संवेदनशील है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री को यह मुद्दा लाल किले के अपने भाषण से उठाना पड़ा ताकि देश के जनमानस को इस 'दिमागी नक्सलवाद' के खिलाफ़ आगाह किया जा सके। सरकारों के प्रति या उसकी नीतियों के प्रति लोगों का गुस्सा जायज हो सकता है, लेकिन एक सभ्य लोकतंत्र में विरोध के नाम पर किसी को भी हथियार उठाने या गाली देने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। अगर विरोध के नाम पर ये सब होता है तो निश्चित रूप से यह चिंता का विषय है। सत्ता और समाज के बीच जब भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो समाज के चौथे पिलर 'न्याय पालिका' की भूमिका बहुत अहम हो जाती है। अपने हक़ के लिए संघर्ष करते लोगों पर किया जाने वाला बल प्रयोग अगर अनुचित है तो व्यवथा कायम करने वाले सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर चलाना, उन्हें गाली देना भी पूर्णतया बहिष्कार करने योग्य है। जब दोनों पक्ष अपने को सही ठहराने लगें तो न्यायपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। इस पूरी बहस का निष्कर्ष यही है कि सरकार को समझना चाहिए कि सरकार का विरोध देश का विरोध नहीं होता और विपक्ष को भी यह समझना चाहिए कि सरकार और देश के विरोध में खिंची हुई लक्ष्मण रेखा कभी अदृश्य न हो, न ही धुंधली पड़े। सरकारें आती हैं और चली जाती हैं, देश हमेशा रहता है। कोई सत्ता में हो या विपक्ष में देश का कानून और देश का सम्मान सर्वोपरि है। उसे किसी भी प्रकार की ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। सत्ता के लालच में कोई व्यक्ति या पार्टी अगर गलत कदम लेता है तो वह स्वीकार्य नहीं है। साथ ही सरकार को भी अपनी मर्यादा में समझनी चाहिए।

यह मामला कितना संवेदनशील है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री को यह मुद्दा लाल किले के अपने भाषण से उठाना पड़ा, ताकि देश के जनमानस को इस 'दिमागी नक्सलवाद' के ख़िलाफ़ आगाह किया जा सके।

चुप्पी को शब्द देने के लिए एक पत्र



विचार

डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी

यह पत्र किसी राजनीतिक दल या विचारधारा के विरुद्ध नहीं, बल्कि एक पीढ़ी की चुप्पी को शब्द देने के लिए लिखा जा रहा है, उस पीढ़ी की चुप्पी, जो आपकी रैलियों में तालियां तो बजाती है, पर मन में सवाल लिए घर लौटती है।

भारत का जेन ज़ी- यह वह पीढ़ी है जिसने न विभाजन देखा, न आपातकाल। इसने देखा है इंटरनेट, वैश्विक अवसर, और अपने सपनों को साकार करने की बेचैनी। यह पीढ़ी न आपके शहरों के नाम बदलने से प्रभावित होती है, न वंदे मातरम पर छिड़ी बहसों से, न इतिहास की किस व्याख्या सही है इस विवाद से, न धर्म और जाति के नाम पर होने वाले टकरावों से। यह सब उन्हें दूर की, बासी और अप्रासंगिक बहसें लगती हैं, जबकि उनकी असली चिंताएं कुछ और हैं।

वे नौकरी मांगते हैं, आप उन्हें प्रतीक देते हैं।
वे पारदर्शिता मांगते हैं, आप उन्हें नारे देते हैं।

वे भरोसा मांगते हैं, और यहीं सबसे बड़ी दरार है।

आज का युवा राजनीति से डरता नहीं, बल्कि उससे थक चुका है। वह देख चुका है कि कैसे झूठे वादे किए जाते हैं, कैसे भ्रष्टाचार को सामान्य बना दिया जाता है, कैसे हर मुद्दे को धर्म या जाति के चश्मे से देखा जाता है ताकि असली सवाल पीछे छूट जाएं। वह चालाकी पहचानता है, भले ही वह उसे तुरंत चुनौती न दे।

यह पीढ़ी असहमति से नहीं डरती, पर पाखंड से चिढ़ती है। यह सीधी बात पसंद करती है, बिना घुमाव के, बिना झूठे आश्वासन के। जब कोई नेता ईमानदारी से कहता है मुझसे यह गलती हुई या यह अभी मुश्किल है, पर हम कोशिश कर रहे हैं, तो यह पीढ़ी उस पर भरोसा करने को तैयार रहती है। पर जब हर बात राजनीतिक चतुराई में लिपटी मिलती है, तो भरोसा टूटता चला जाता है।

यह पीढ़ी वैश्विक है, पर जड़ों से जुड़ी भी है। यह भारतीयता को गर्व से जीती है, पर संकीर्णता को नकारती है। यह प्रेम, समानता, स्थिरता, और एक शांतिपूर्ण भविष्य चाहती है। ऐसा भविष्य जहां धर्म और जाति पहचान का हिस्सा हों, हथियार नहीं। यह पीढ़ी बंटवारे की राजनीति से थक चुकी है और जुड़ाव की राजनीति की तलाश में है।

नेतागण, आप जिस देश का नेतृत्व कर रहे हैं, उसकी सबसे बड़ी पूंजी यही युवा शक्ति है। पर पूंजी तभी काम आती है जब उसे समझा जाए, उसका सम्मान किया जाए। प्रतीकों की राजनीति क्षणिक तालियाँ दिला सकती है, पर स्थायी भरोसा नहीं बना सकती। भरोसा बनता है ठोस काम से -शिक्षा में सुधार से, रोज़गार के अवसरों से, भ्रष्टाचार पर वास्तविक कार्रवाई से, और सबसे बढ़कर- सच बोलने के साहस से।

यह पीढ़ी आपसे नाराज़ नहीं है, वह आपसे निराश है। और निराशा गुस्से से ज़्यादा खतरनाक होती है, क्योंकि गुस्सा तो आवाज़ बनता है, पर निराशा चुप्पी बन जाती है और वह चुप्पी एक दिन मतपेटी में बदल जाती है।

हम आपसे विनम्र निवेदन करते हैं। बहसों को छोड़िए जो अतीत में उलझी हैं, और उन मुद्दों को अपनाइए जो भविष्य गढ़ते हैं। नामों की राजनीति छोड़िए, कामों की राजनीति अपनाइए। विभाजन की भाषा छोड़िए, जोड़ने की भाषा बोलिए। युवाओं से संवाद कीजिए- भाषण देकर नहीं, सुनकर।

यह देश प्रेम और शांति चाहता है। यह देश एक ऐसा भारत चाहता है जहाँ हर नागरिक को अवसर मिले, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या क्षेत्र से हो। यह जेन ज़ी की माँग नहीं, यह संविधान की भी भावना है और यही वह भारत है जिसे बनाने का सपना हमारे पूर्वजों ने देखा था।

समय आ गया है कि राजनीति प्रतीकों से आगे बढ़े, और सच्चाई, पारदर्शिता, और भरोसे की नींव पर खड़ी हो। यह देश की सबसे बड़ी पीढ़ी की आवाज़ है। इसे सुनिए, इससे पहले कि यह आवाज़ खामोश हो जाए।



यह पीढ़ी वैश्विक है, पर जड़ों से जुड़ी भी है। यह भारतीयता को गर्व से जीती है, पर संकीर्णता को नकारती है। यह प्रेम, समानता, स्थिरता, और एक शांतिपूर्ण भविष्य चाहती है। ऐसा भविष्य जहां धर्म और जाति पहचान का हिस्सा हों, हथियार नहीं। यह पीढ़ी बंटवारे की राजनीति से थक चुकी है और जुड़ाव की राजनीति की तलाश में है।

संवाद की खिड़की को खुला रखे सरकार



जेन-जी

डॉ. विजेंद्र कुमार

स्वतंत्र पत्रकार

लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत बात यह है कि इसमें सोचने की और सवाल पूछने की आज़ादी होती है। लेकिन क्या हो जब ये सवाल सत्ता के कानों में चुभने लगें? क्या हो जब एक पूरी नई पीढ़ी, जिसे हम 'जेन-ज़ी' कहते हैं, पुरानी व्यवस्था से ऐसे सवाल पूछने लगे जिनके जवाब फाइलों और भाषणों में नहीं मिलते? आज के समय में ऐसे ही सवाल पूछने वाले युवाओं, विचारकों और आम नागरिकों को एक नया नाम दे दिया गया है, जिसे 'दिमागी नक्सल' कहा जा रहा है। यह शब्द जितना भारी है, इसके पीछे की राजनीति उतनी ही गहरी और मानवीय संवेदनाओं को झकझोरने वाली है। आज का युवा और उसके नए तरीके के आंदोलन वाक़ई व्यवस्था को असहज कर रहे हैं और इसी कारण येन-केन-प्रकारेण विरोध की हर आवाज़ को कुचलने की कोशिश की जा रही है। नक्सलवाद, अपने मूल रूप में, बंदूक और हिंसा के रास्ते सत्ता को उखाड़ फेंकने की एक विचारधारा रही है। लेकिन दिमागी नक्सल या अर्बन नक्सल एक बिल्कुल नई गढ़ी हुई शब्दावली है। इसका इस्तेमाल उन लोगों के लिए किया जा रहा है जिनके हाथों में बंदूक नहीं, बल्कि किताबें, कीबोर्ड और स्मार्टफोन हैं।

ये वो लोग हैं जो पर्यावरण की बात करते हैं, जो रोजगार मांगते हैं, जो परीक्षा के पेपर लीक होने पर सड़क पर उतर आते हैं, या जो किसी अन्याय के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपना विरोध दर्ज करते हैं। जब सत्ता इन तर्कों का जवाब तर्कों से नहीं दे पाती, तो वह एक आसान रास्ता चुनती है, ठप्पा लगाने का। किसी को दिमागी नक्सल कह देना दरअसल उसकी आवाज़ को, उसकी पीड़ा को और उसके सच को खारिज करने का एक बेहद चालाक तरीका है। जब आप किसी युवा को यह तमगा दे देते हैं, तो आपको उसके उठाए गए असली मुद्दों पर जवाब नहीं देना पड़ता और वह समाज की नजरों में एक खलनायक बन जाता है। जेन-ज़ी यानी वो पीढ़ी जिसका जन्म नब्बे के दशक के आखिरी सालों और दो हजार दस के बीच हुआ, वह इंटरनेट की गोद में बड़ी हुई है। पुरानी पीढ़ियों के आंदोलन करने के तरीके अलग थे। लेकिन जेन-ज़ी के आंदोलनों ने दुनिया भर की सरकारों को गहरे असमंजस में डाल दिया है।

इस पीढ़ी का कोई एक चेहरा नहीं है और इनका आंदोलन केंद्रीकृत नहीं है। एक छोटी सी घटना का वीडियो वायरल होता है और रातों-रात लाखों युवा मीम्स, रील्स और स्टोरीज के जरिए एक डिजिटल सैलाब ला देते हैं। सरकारें परेशान हैं क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि इस पीढ़ी से कैसे लड़ा जाए। जेन-ज़ी के पास न खोने के लिए कोई बड़ा राजनीतिक करियर है और न ही वे पुरानी विचारधाराओं के बंधनों में बंधे हैं। वे बहुत साफ, सीधे और बेबाक सवाल पूछते हैं। व्यवस्था इस बात से खौफजदा है कि जिस नैरेटिव को बनाने में वह करोड़ों रुपये और पूरा तंत्र लगा देती है, उसे एक युवा अपने छोटे से वीडियो से ध्वस्त कर देता है। सरकारें अब येन-केन-प्रकारेण विरोध को कुचलना चाहती हैं। अंग्रेजों के बनाए हुए या नए कड़े कानूनों का इस्तेमाल अब अपराधियों से ज्यादा उन युवाओं और विचारकों पर हो रहा है जो असहमत हैं। इंटरनेट सस्पेंड कर देना, सोशल मीडिया एकाउंट्स को ब्लॉक करवाना और पोस्ट को डिलीट करवाना आज के दौर की नई पुलिसिंग है। इस पूरी बहस को अगर हम राजनीति के चश्मे से हटाकर एक आम इंसान की नजर से देखें, तो तस्वीर बहुत भावुक कर देने वाली है। एक युवा जो दिन-रात पढ़ाई करता है, जिसका पिता कर्ज लेकर उसे शहर भेजता है, वह जब देखता है कि उसकी परीक्षा का पेपर बिक गया है, तो वह सड़क पर उतरता है। एक लड़की जो रात में सड़कों पर अपनी सुरक्षा की गारंटी मांग रही है, या वो व्यक्ति जो अपने जल, जंगल, जमीन को बचा रहा है, वे कोई दिमागी नक्सल नहीं हैं। जेन-ज़ी के पास बहुत ज्यादा अपेक्षाएं नहीं हैं। अगर सरकारें सचमुच देश का विकास चाहती हैं, तो उन्हें इन युवाओं से डरने या उन्हें कुचलने के बजाय, उनके सवालों के जवाब ढूंढने होंगे। उन्हें दिमागी नक्सल कहकर खारिज करने से समस्या हल नहीं होगी; बल्कि यह संवाद की उस खिड़की को हमेशा के लिए बंद कर देगा, जो एक बेहतर भविष्य के लिए बहुत जरूरी है।



व्यवस्था इस बात से खौफजदा है कि जिस नैरेटिव को बनाने में वह करोड़ों रुपये और पूरा तंत्र लगा देती है, उसे एक युवा अपने छोटे से वीडियो से ध्वस्त कर देता है। सरकारें अब येन-केन-प्रकारेण विरोध को कुचलना चाहती हैं। कड़े कानूनों का इस्तेमाल अब अपराधियों से ज्यादा उन युवाओं और विचारकों पर हो रहा है।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय **श्री भूपेश बघेल जी** को **जन्मदिन** की बधाई एवं **शुभकामनाएं...**

छत्तीसगढ़ के एके खेवइया भूपेश भैय्या...





भूपेश बघेल ने 2018 से 2023 तक छत्तीसगढ़ के तीसरे मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान कल्याण और क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके कार्यकाल के प्रमुख कार्यों और योजनाओं को छत्तीसगढ़ की जनता आज भी याद करती है...

किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था



कर्ज माफीः लगभग 18 लाख से अधिक किसानों का कृषि ऋण माफ किया।



राजीव गांधी किसान न्याय योजनाः फसलों पर प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी प्रदान की गई



गोधन न्याय योजनाः गाय का गोबर खरीदने की अनूठी योजना शुरू की।



गरवा, गरवा, घुरवा, बारीः : जल संरक्षण, पशु संवर्धन, जैविक खाद निर्माण और घरेलू बाड़ियों के विकास के लिए यह ग्रामीण विकास योजना लागू

सांस्कृतिक पुनरुत्थान (छत्तीसगढ़िया अस्मिता)



राम वन गमन पर्यटन परिपथः
भगवान राम के छत्तीसगढ़ में वनवास काल के ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया, जिसमें चंदखुरी का कौशल्या माता मंदिर प्रमुख है।



स्थानीय त्योहारों पर अवकाशः
हरेली, तीजा, कर्मा जयंती और विश्व आदिवासी दिवस जैसे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहारों पर पहली बार शासकीय अवकाश घोषित किया गया।



छत्तीसगढ़िया ओलंपिकः
पारंपरिक स्थानीय खेलों (जैसे गिल्ली-डंडा, भौंरा, बाटी) को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की।

'बिजली बिल हाफ योजना'



400 यूनिट तक आधा बिलः
योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा प्रति माह 400 यूनिट तक की बिजली खपत करने पर उनके बिजली बिल की राशि आधी (50% छूट) कर दी जाती थी।

शिक्षा और स्वास्थ्य



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलः
गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को मुफ्त में उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिक्षा देने के लिए सरकारी स्तर पर इन स्कूलों की श्रृंखला शुरू की गई।



मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजनाः
दूरदराज और आदिवासी अंचलों के साप्ताहिक बाजारों में मोबाइल मेडिकल वैन के जरिए मुफ्त इलाज और दवाइयां पहुंचाईं।



दाई-दीदी क्लिनिकः
महिलाओं के लिए विशेष रूप से महिला डॉक्टरों और स्टाफ वाली मोबाइल क्लिनिक सेवा की शुरुआत

आदिवासी और वनवासी कल्याण



तेंदूपत्ता संग्रहण दर में वृद्धिः
आदिवासियों की आय बढ़ाने के लिए तेंदूपत्ता की मानक बोरा दर ₹2500 से बढ़ाकर ₹4000 की गई।



लघु वनोपज की खरीदीः
राज्य में समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली लघु वनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर 65 से अधिक की गई।



वन अधिकार पत्रः
वन भूमि पर आश्रित आदिवासियों को सामुदायिक और व्यक्तिगत वन संसाधन अधिकार पत्र बांटे गए।

शुभेच्छु : नीरज पाल, महापौर भिलाई

भूपेश बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

संघर्ष से सफलता तक

भूपेश बघेल एक भारतीय राजनेता हैं। उन्होंने दिसंबर 2018 से दिसंबर 2023 तक छत्तीसगढ़ के तीसरे मुख्यमंत्री के रूप में काम किया। उनका जन्म 23 अगस्त 1961 को दुर्ग जिले के पाटन में एक किसान परिवार में हुआ था। वे कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेता हैं।

शुरुआती जीवन और परिवार जन्म तिथि : 23 अगस्त 1961

स्थानः दुर्ग जिला, छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्य प्रदेश)

माता-पिताः बिंदेश्वरी बघेल और नंद कुमार बघेल

विवाहः मुक्तिश्वरी बघेल के साथ हुआ और उनके बच्चे हैं।

राजनीतिक सफर शुरुआत : 1980 के दशक में यूथ कांग्रेस से राजनीति शुरू की।

विधायकः साल 1993 में पहली बार मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए पाटन सीट से चुने गए।

मंत्री पदः छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद वे पहले राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और राहत कार्य मंत्री बने।

प्रदेश अध्यक्षः साल 2014 में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने और पार्टी को मजबूत किया।

मुख्यमंत्रीः वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को बड़ी जीत दिलाई और 17 दिसंबर 2018 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने।

मुख्य विशेषताएँ :- किसानों और ग्रामीण संस्कृति से उनका विशेष जुड़ाव रहा है। उन्हें छत्तीसगढ़ में ओबीसी समुदाय का एक बड़ा नेता माना जाता है।

भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ विधानसभा में दुर्ग जिले के पाटन निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने 1985 में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्य के रूप में अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की और 1993 में पाटन निर्वाचन क्षेत्र से मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए अपना पहला चुनाव जीता। 1998 में वे इसी निर्वाचन क्षेत्र से दोबारा विधायक चुने गए। उन्हें दिग्विजय सिंह के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश सरकार में लोक शिकायत विभाग के राज्य मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और बाद में परिवहन मंत्री के पद पर पदोन्नत किया गया।

बाद में, जब 2000 में छत्तीसगढ़ को राज्य का दर्जा मिला, तो बघेल नए राज्य में राजस्व मंत्री के रूप में नियुक्त होने वाले पहले व्यक्ति थे।

उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के उपनेता के रूप में भी कार्य किया है। 2018 में आदिवासी राज्य के मुख्यमंत्री बनने से पहले, उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और डेढ़ दशक बाद राज्य में कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।भूपेश बघेल सामाजिक सेवाओं में गहरी रुचि रखते हैं। अपने विद्यार्थी जीवन से ही वे अनेक राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं।

वे समाज में सामाजिक सुधारों के पैरोकार रहे हैं। विवाह समारोहों में होने वाली फिजूलखर्ची से बचने के लिए उन्होंने कम खर्च में विवाह को बढ़ावा देने वाला एक अभियान शुरू किया। वे लगभग हर साल सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करते हैं, जिससे उन्हें अपार लोकप्रियता और सम्मान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री बघेल को समाज में समानता लाने के प्रयासों और सक्रियता के लिए 'महात्मा फुले समता पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया है।

भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ को समृद्धि की ओर ले जाने के लिए समर्पित हैं। मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यों को व्यापक मान्यता मिली है, क्योंकि उनके नेतृत्व में राज्य को कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। हाल ही में प्राप्त पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा प्रदान किया गया 'सर्वश्रेष्ठ राज्य पुरस्कार' है।

गोविंदा के बेटे यशवर्द्धन की पहली फिल्म की रिलीज तारीख आई



मुंबई। गोविंदा के बेटे यशवर्द्धन आहूजा जल्द ही बॉलीवुड में अपनी धमाकेदार शुरुआत करने जा रहे हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम 'हीरो की हॉररॉइन' है, जो हॉरर, कॉमेडी और रोमांस का एक बहुत ही दिलचस्प मिश्रण होगी। इस फिल्म में यशवर्द्धन के साथ लोकप्रिय अभिनेत्री नितंशी गोयल मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। दर्शकों के बीच रोमांच और हंसी का तड़का लगाने वाली यह बहुप्रतीक्षित फिल्म आगामी 7 जनवरी, 2027 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में यशवर्द्धन आहूजा और नितंशी गोयल के अलावा जेमी लीवर, चंकी पांडे, बृजेंद्र काला, सुनीता आहूजा और सिमरत कौर रंधावा जैसे बेहतरीन कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

खास बात यह है कि यह फिल्म पूरे 12 साल बाद निर्देशक साजिद खान की बड़े पर्दे पर वापसी करवा रही है। बता दें कि उन पर लगे मीटू आरोपों के बाद लगी पाबंदी साल 2019 के आखिर में हटा ली गई थी। फिल्म के निर्माताओं में एकत कपूरा, शोभा कपूर, अमर बुटाला और साजिद खान का नाम शामिल है।

ला रहीं अपनी पहली हॉरर फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई



आलिया भट्ट फिल्म 'तुम्बाड़ 2' के जरिए पहली बार हॉरर फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ सोहम शाह और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आएंगे। हाल ही में शूटिंग के सेट पर आलिया को एक धारीदार शर्ट और पोनीटेल वाले साधारण लुक में देखा गया है। खबर है कि फिल्म के कुछ सीन नदी के किनारे और एक पुराने किले में शूट किए गए हैं।

सोहम शाह ने आलिया के फिल्म में होने की बात बताते हुए कहा है कि 'तुम्बाड़' की कहानी अब और आगे बढ़ रही है और इसका एक नया चैप्टर शुरू हो रहा है। इस फिल्म का निर्देशन आदेश प्रसाद कर रहे हैं। ये सीक्वल पहली फिल्म के मुख्य विषयों जैसे लालच, डर और इंसानी स्वभाव को और गहराई से दिखाएगा। फिल्म की टीम ने मुंबई में लगभग 7-8 एकड़ में एक बहुत बड़ा सेट बनाया है, जो बिल्कुल किसी शहर जैसा दिखाई देता है। 'तुम्बाड़ 2' फिल्म 3 दिसंबर 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए सोहम शाह ने कहा, एक पापी अतीत, एक डरावना भविष्य। भूख बढ़ती है, लालच का सिलसिला जारी है... अपने कैलेंडर में ये तारीख याद रखें 3 दिसंबर, 2027.

'रामायण' से 'राका' तक, एक ही फिल्म में अलग-अलग अवतारों से चौंकाने आ रहे ये सितारे

मुंबई। भारतीय सिनेमा का सबसे पुराना और हिट फॉर्मूला 'डबल रोल' अब एक भव्य अवतार में लौट रहा है। अब ये केवल बिछड़े जुड़वां भाइयों या हीरो-विलेन के घिसे-पिटे ड्रामे तक सीमित नहीं है। आज के निर्देशक इसका इस्तेमाल अलग-अलग समयकाल, पीढ़ियों और पौराणिक कथाओं को जोड़ने के लिए कर रहे हैं। 'रामायण' से लेकर 'टॉक्सिक' और 'राका' जैसी बड़ी फिल्मों में बड़े सितारे एक ही कहानी में 2 बिल्कुल अलग किरदारों से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं।

अल्लू अर्जुन (राका) : एटली के निर्देशन में बन रही 'राका' एक बड़े पैमाने की साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा' की सफलता और एटली के रिकॉर्ड के चलते इस प्रोजेक्ट को लेकर जबरदस्त माहौल बना हुआ है। खबरों के मुताबिक, अल्लू इस फिल्म में डबल या कई अलग-अलग किरदार में नजर आएंगे, जिसे लेकर निर्माताओं ने काफी सस्पेंस बनाया हुआ है। इस पैन-इंडिया फिल्म में दीपिका पादुकोण और रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिकाओं में शामिल हैं।

रणबीर कपूर (रामायण) : नितेश तिवारी की भव्य फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर एक बेहद चुनौतीपूर्ण डबल रोल में नजर आएंगे। वो इस पौराणिक महाकाव्य में भगवान राम के साथ-साथ भगवान परशुराम का किरदार भी निभा रहे हैं। एक ही पौराणिक दुनिया का हिस्सा होने के बावजूद इन दोनों किरदारों की ऊर्जा, व्यक्तित्व और कहानी में भूमिकाएं एक-दूसरे से पूरी तरह अलग हैं। इस 2 भागों वाली फिल्म में उनके साथ साई पल्लवी (सीता) और यश (रावण) मुख्य भूमिकाओं में हैं।



यश (टॉक्सिक) : गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में यश एक गैंगस्टर के अवतार में नजर आएंगे। खबर है कि फिल्म में यश एक से ज्यादा किरदारों में दिखेंगे, जिससे पिता-पुत्र के टकराव की चर्चाएं तेज हो गई हैं। यश के मुख्य किरदार का नाम 'राया' सामने आया है, जबकि बाकी जानकारियों को गोपनीय रखा गया है। इस फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मिणि वसंत और हुमा कुरैशी जैसी अभिनेत्रियां भी शामिल हैं।

प्रभास (फौजी और स्पिरिट) और कार्थी (सरदार 2) : प्रभास भी 2 बड़ी फिल्मों में डबल धमाका करते नजर आ सकते हैं। एक ओर उन्हें हनु राघवपुडी की फिल्म 'फौजी' में डबल रोल में देखा जाएगा, वहीं संदीप रेड्डी वांगा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' में भी उनकी दोहरी भूमिका की चर्चाएं हैं। दूसरी ओर अभिनेता कार्थी फिल्म 'सरदार 2' में एक बार फिर अपने दोहरे अवतार में लौट रहे हैं। वो जासूस 'सरदार' और उनके पुलिस अधिकारी बेटे 'विजय प्रकाश' दोनों की भूमिकाएं दोहराएंगे।



रणबीर के साथ स्क्रीन साझा करेंगी ...

मुंबई। दीपिका पादुकोण इस वक्त अल्लू अर्जन की आगामी फिल्म 'राका' में व्यस्त चल रही हैं। उधर अभिनेता रणबीर कपूर भी अपनी आगामी पौराणिक फिल्म 'रामायण' को रिलीज करने की तैयारी में जुटे हैं। इस परियोजना के बाद, अभिनेता 'ब्रह्मास्त्रः भाग 2' की शूटिंग शुरू करेंगे जिसका निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। हालिया अपडेट है कि फिल्म में दीपिका शामिल हो सकती हैं। निर्माता फिल्म में 'अमृता' का किरदार निभाने के लिए उनसे बातचीत कर रहे हैं। पिंकविला के मुताबिक, परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि 'ब्रह्मास्त्रः भाग 2' के निर्माता फिल्म में दीपिका को शामिल करने का मन बना रहे हैं। उन्होंने कहा, अयान मुखर्जी और मुख्य टीम दीपिका को इस परियोजना में शामिल करने को लेकर आश्वस्त हैं। क्योंकि वे समझते हैं कि अमृता की भूमिका के लिए एक ऐसी अभिनेत्री की जरूरत है जिसमें अपार गंभीरता हो। बातचीत जारी है, लेकिन आधिकारिक पुष्टि समय-सीमा के तालमेल पर निर्भर करेगी।

मध्य प्रदेश शासन - वन विभाग
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वन मण्डलाधिकारी (क्षे.) बागली
वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास, जिला देवास
E- mail - sdoFTbagli@mp.gov.in mob. No. 9424792184

जाहिर सूचना
जप्त वाहन/सामग्री के राजसात प्रक्रिया की सूचना

एतद द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि, वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र जिनवानी में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 44982/17 दिनांक 19.06.2026 मे वाहन आयसर प्रो नंबर प्लेट अनुसार वाहन क्रमांक CG04PJ5572, इंजन क्रमांक E426CDPE436420, चेचिस क्रमांक MC2ESHRCOPE225787 मय सागौन प्रजाति काष्ठ नग 57 मात्रा 0.8230 घ.मी. को अवैध परिवहन में जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जिसके अधिहरण की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में प्रचलित है।

इस संबंध में जो भी व्यक्ति, संस्था, फर्म उपरोक्त वाहन से संबंधित अपना हित रखते हों तो वे अपना पक्ष/प्रतिवेदन 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय) बागली, फारेस्ट कालोनी बागली, जिला देवास में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि तक उपरोक्त वाहन से हित रखने वाले के उपस्थित ना होने की स्थिति में जप्त वाहन / सामग्री के एक तरफा राजसात की कार्यवाही के लिये अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय स्वतंत्र रहेगा।

(अंकित जामोद)
प्राधिकृत अधिकारी एवं
उप वनमण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय) बागली

G-17493/26



'आवारापन 2' ने अब तक कमाए 170 करोड़

मुंबई। इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। 14 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म ने महज 8 दिनों में दुनियाभर में करीब 170 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित और विशेष व मुकेश भट्ट द्वारा निर्मित यह फिल्म साल 2007 में आई हिट फिल्म 'आवारापन' का सीक्वल है, जो इमरान हाशमी के करियर की एक बड़ी और सफल फिल्म बन गई है। आठवें दिन इस फिल्म ने भारत में 5.50 करोड़ रुपये कमाए, जिससे इसकी कुल घरेलू कमाई अब 119 करोड़ रुपये हो गई है। उधर विदेशों से 1 करोड़ रुपये मिलने के बाद कुल वैश्विक कमाई 169.17 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। फिल्म के 8वें दिन 9,858 शो चले और सिनेमाघरों में 15.19 प्रतिशत लोग फिल्म देखने आए। इससे साफ है कि दर्शक अब भी इस फिल्म को पसंद कर रहे हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0 / राँची–17 / 2026–27
दिनांक :–21.08.2026

1.	कार्य का नाम	Surface Renewal of LPN Sahdeo Chowk to Booty more road (Total Length 7.90 KM) for the year 2026-27.
2.	अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में)	रू0 902.41333 लाख (रूपये नौ करोड़ दो लाख एकतालीस हजार तीन सौ तैतीस) मात्र।
3.	अग्रधन की राशि (रू0 लाख में)	रू0 9.03 लाख (रूपये नौ लाख तीन हजार) मात्र।
4.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 (छः) माह
5.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	25.08.2026 10.30 बजे पूर्वाह्न
6.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय	15.09.2026 12.00 बजे दोपहर तक
7.	निविदा खोलने की तिथि/समय	16.09.2026 12.30 बजे अपराह्न।
8.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, मोहराबादी, राँची–834008.
9.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	0651–2361018
10.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651–2401010

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।
PR.NO.388201 Road Construction Dept Road Division Ranchi(26-27):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची।
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
(द्वितीय निविदा)
(प्रथम निविदा का PR No.-374212 (25-26).D
टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0 / राँची–21 / 2026–27
दिनांकः–21.08.2026

1.	कार्य का नाम	Construction of Diversion Road of Singhmore- Latma- Hethu Road From Chariya toil to Chandaghasi Via Badkatoli Village (पुल कार्य सहित) (कुल लम्बाई– 2.380 कि0मी0) कार्य वर्ष 2025–26
2.	प्राक्कलित राषि (रू0 लाख में)	रू0 1486.86131 लाख (रूपये चौदह करोड़ छियासी लाख छियासी हजार एक सौ एकतीस रूपये) मात्र।
3.	अग्रधन की राषि (रू0 लाख में)	रू0 14.87 लाख (रूपये चौदह लाख सतासी हजार) मात्र।
4.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	13 (तेरह) माह
5.	वेबसाईड पर निविदा प्रकाषन की तिथि	25.08.2026 10.30 बजे पूर्वाह्न
6.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय	18.09.2026 12.00 बजे दोपहर तक
7.	निविदा खोलने तिथि / समय	21.09.2026 12.30 बजे
8.	निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008.
9.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	0651–2361018
10.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651–2401010

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे TenderOnline Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

PR 388208 Road Construction Dept Road Division Ranchi(26-27)D
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

आवश्यकता है- शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। विषय लेखा शास्त्र एंव संस्कृत का नया सबेरा उ.मा.गोकुल नगर (राम नगर) रायपुर (36 गढ़) मों. - 9993453324.(आरो-825)

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (आरो-815)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254.(आरो-41602)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

रिसेप्शनिस्ट/मैनेजर

आवश्यकता है- होटल रिसेप्शन के लिए 12 वीं पास लड़की की जरूरत है। रूम सर्विस के लड़के की जरूरत है रहने, खाने की व्यवस्था होटल मैनेजर अनुभवी जानकी विहार भाटागांव संपर्क :- 8719082151.(आरो-827)

ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से शाम 6:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 25,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222. (आरो-15)

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस बॉय की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9993011757 / 8878228031. (आरो-419)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

शीघ्र आवश्यकता है- भिलाई 3 चरोदा के लिये एक ड्राइवर कि आवश्यकत है जो इनोवा कार चला सके कम से कम 3साल का अनुभव हो..वेतन 12000 से 15000 तक इस नंबर पर संपर्क करें - 7987160208.(आरो-4165)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरो-309)

टेलीकॉलर

आवश्यकता है- 20 अनुभवी टारगेट ओरिएंटेड फीमेल टेलीकॉलर की वाहन बीमा हेतु वेतन 10000 + इन्सेंटिव। सुंदर नगर चौक ऑर्बिट टॉवर रायपुर SCI इन्सुरेंस मोबा. नं. 9617788009.(आरो-0163)

कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर -2, जिसे PMJAY (प्रधानमंत्री जन आरोग्य) सॉफ्टवेयर में एंट्री करना आता हो आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्कः बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(आरो-575)

घरेलु कार्य /आया

आवश्यकता है- जनता कॉलोनी, देवेन्द्र नगर रायपुर में घरेलू कार्य हेतु फुल टाइम घर में ही रहकर काम वाली एक महिला तथा बच्चों की देखरेख हेतु एक आया की आवश्यकता है। दोनों की रहने, खाने की उत्तम व्यवस्था। सम्पर्क करें- 9039100784.(आरो-41673)

मैनेजर

आवश्यकता है- नौकरी की जगह खाली है पदः 10-15 ट्रकों के लिए फ्लीट/ट्रक मैनेजर जगहः तहसील आरंग, ज़िला रायपुर, छत्तीसगढ़ सैलरीः अनुभव के आधार पर 25,000 या उससे ज़्यादा WhatsApp: 9948417000.(आरो-829)

केयर टेकर

आवश्यकता है- आसीरवाद मातृछाया होमकेयर को ऑपरेशनल मैनेजर की आवश्यकता है। बेबीकेयर होमकेयर कृटीकल पेसेंट के लिए लेडिस केयर टेकर की आवश्यकता है। रहने, खाने की सुविधा, शैक्षणिक योग्यता 10 th to 12 th संपर्क 7509191133, 9630757513.(आरो-4791)

टेक्निशियन

आवश्यकता है- बजाज इलेक्ट्रिकल्स के ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर रायपुर में कार्य हेतु टेक्निशियन की, जिन्हें पंखा, कूलर, इंडक्शन, प्रेस, गीजर आदि बनाना आता हो, एवं यूरेका फोर्ब्स के आरओ बनने हेतु टेक्नीशियन की सैलरी योग्यतानुसार +मोबाईल रिचार्ज संपर्कः- 7354913595. (आरो-059)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- किराने के दुकान में कार्य करने के लिए लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है पता- वर्षा प्रोविज़न स्टोर, महावीर स्वीट्स के बाजू में, भाटागांव, रायपुर संपर्कः- 9329880007.(आरो-056)

हरिभूमि

सेल्स मैनेजर

Requirement- Sales Manager for Real Estate Join CG Buildcon Pvt.Ltd. for Parampara Tilda's luxury residential township. Eligibility: 3 years of experience in sales, Real estate background preferred, Excellent communication, Presentable personality. call: 9201977382.(आरो-835)

कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर लड़कियों की आवश्यकता है NGO ग्रुप को प्राथमिकता संपर्क करें मोबाइल- 8461886239. (आरो-834)

डिलीवरी बॉय

आवश्यकता है- एक डिलीवरी बाय रायपुर निवासी (टू-व्हीलर लाइसेंस जरूरी) और ऑयल फैक्ट्री मशीन स्टाफ (फुल/पार्ट टाइम)। पताः महादेव घाट रोड, रायपुर। संपर्कः 9977067874. (आरो-398)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

टेक्नीशियन

आवश्यकता है- कंपनी का नाम ऐशियन पूल्स पता पिथालिया कॉम्पलेक्स रायपुर मो. नंबर 9669161666 पद का नाम MALE टेक्नीशियन योग्यता 5वीं से 12वीं अनुभव प्लंबर का अनुभव आवश्यक अन्य बाइक होना अनिवार्य समय 10 घंटा वेतन 12000 से 15000. (आरो-832)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्रायवर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577, 9425522576 . (आरो-833)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरो-209)

वेल्डर/ऑपरेअश्र

आवश्यकता है- फेब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। स्थानः बाराडेरा- धनसूली, मंदिरहसौद, रायपुर। मो. 7024347173. (आरो-060)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

एकाउन्टेंट

आवश्यकता है- एकाउन्टेंट चाहिए न्यूनतम 10 वर्ष का रिटेलइंडस्ट्री में TALLY का अनुभव जगदम्बा फर्नीशिंग जवाहर मार्केट पावर हाऊस भिलाई फोन.- 83198-62525.(आरो न.-4167)

आवश्यकता

आवश्यकता है- मंदिर हसौद, रायपुर के ग्राम कुटेसर स्थित दो एकड़ में खेती के लिए अनुभवी व्यक्ति की । रहने एवं परिवार के अन्य सदस्य के लिए नौकरी उपलब्ध । संपर्कः 9300049800.(आरो-300)

Property प्रापर्टी

बेचना है- टाटीबंध रायपुर प्राइम लोकेशन में 41,000 वर्गफीट प्रॉपर्टी बिक्री हेतु बाउंड्री वॉल, गेट, दो रोड फ्रंट, वेस्ट फेसिंग, टाटीबंध चौक लोकेशन में इस्कॉन मंदिर के मेनरोड पर GE Road से डायरेक्ट कनेक्टिविटी, शोरूम, वेयरहाउस, ऑफिस, एवं अन्य कमर्शियल उपयोग के लिए उपयुक्त संपर्कः- श्री बालाजी प्रॉपर्टीज़, रायपुर Roshan Agrawal 9340018159.(आरो-058)

प्लाट

प्लॉट बेचना है - आदिवासी डायवर्टेड प्लॉट 40 x 60 दो तरफ रोड अम्बेडकर नगर वार्ड 58 उरला दुर्ग (छ.ग.) संपर्क मों. नं.- 91797-81134.(आरो-327)

हरिभूमि

बेचना है- टाटीबंध में प्राइम कमर्शियल प्रॉपर्टी बिक्री हेतु 10,000 वर्गफीट का विशाल पूर्वमुखी प्लॉट 210 फीट फ्रंट एवं 48 फीट डेप्थ, बिजनेस के लिए प्राइम लोकेशन में शानदार अवसर यूनियन बैंक के पीछे, शिवनाथ Hyundai के पास, SHOWROOM, OFFICE, WARE-HOUSE, COMMER-CIAL USE हेतु संपर्कः- श्री बालाजी प्रॉपर्टीज़, रायपुर Roshan Agrawal 8878008500.(आरो-057)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

RAIPUR SMART BUSINESS
GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट • फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क : शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर- 1 आदर्श विद्यालय के पीछे, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

ASTROLOGY ज्योतिष



ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ
पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।
तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोटः भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

जैकेट के शेष

गुड़ वालों ने ....

रुझान लगातार कम हो रहा है। इसका एक बड़ा कारण गन्ने के कुल मूल्य में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं होना बताया जा रहा है। 2019-20 से 2025-26 तक एफआरपी और राज्य प्रोत्साहन को मिलाकर गन्ने का कुल भुगतान करीब 355 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास रहा है।

अंबिकापुर में गन्ने की ....

पूरे सत्र में एक दिन भी क्षमता के अनुसार कारखाना का संचालन नहीं हो सका। प्रशासन एवं कारखाना प्रबंधन ने गन्ने की आवक बढ़ाने के लिए लगातार कोशिशें भी की लेकिन किसानों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा।

पतले चावलों के ऐतिहासिक ..

एचएमटी चावल के दाम पहले थोक में 45 से 48 रुपए थे, इसके दाम थोक में 58 रुपए और चिल्हर में 62 से 65 रुपए हो गए हैं। अब्बा हुजूर चावल के दाम थोक में 57 रुपए से सीधे 73 से 74 रुपए और चिल्हर में 80 रुपए हो गए हैं।

शक्कर चढ़ी तो मिठाई ...

में ही शक्कर के दाम 16 रुपए तक बढ़े और इसके बाद थोक में 64 और चिल्हर में 70 रुपए हो गए। इसके बाद केंद्र सरकार ने शक्कर के कच्चे माल का आयात करने का ऐलान किया तो इसके दाम पर कुछ लगाम लगी है, लेकिन अब भी दाम ज्यादा है। अब थोक में शक्कर के दाम 61 रुपए और चिल्हर में 65 रुपए हैं।

पहली बार शक्कर के इतने दामः इतिहास में पहली बार शक्कर के इतने दाम गए हैं। कभी भी शक्कर के दाम 40 रुपए से ज्यादा नहीं रहते थे। थोक में इसके दाम 64 रुपए तक गए हैं। अब दाम कुछ कम होने लगे हैं। - **प्रेम पाहूजा, अध्यक्ष**, डूमरतराई थोक बाजार

चावल की ऐतिहासिक कीमतः चावलों की कीमत कभी भी इतनी नहीं हुई है जितनी अब हो गई है। कनकी और मोटे चावलों के दाम में भी इजाफा हुआ है। मक्के के दाम भी बढ़े हैं। - **गोविंद माहेश्वरी**, अनाज के थोक कारोबारी

कीटशास्त्र के पर्चे ...

कालेज में जमा करने के बजाय अपने घर ले आया। इसके बाद उसने प्रश्नपत्र लीक कर बेच दिया।

एम-टेक की पढ़ाई करने...

प्रोफेसर 17 अगस्त को जोरा में उत्तरपुस्तिका जमा करने आया था। इसके बाद उसने 20 तथा 24 अगस्त को होने वाला पेपर साथ लेकर वापस दुर्ग लौटा। दूसरे दिन प्रोफेसर ने 24 तारीख को आयोजित परीक्षा का प्रश्नपत्र कालेज में जमा कर दिया। कीटशास्त्र का पेपर जमा करने के बजाय अपने घर ले गया था। पूछताछ करने पुलिस ने योगेश की कोर्ट से दो दिन की पुलिस रिमांड हासिल की है।

कनकी के दाम ....

किलो हो गया है। चावल का उपयोग अब देशी शराब बनाने में भी बहुत हो रहा है।

सेवा संकल्प अभियान ....

के साथ चार अन्य सदस्य हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को भी शामिल किया गया है। बैठक में प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय के साथ ही राष्ट्रीय महिला मोर्चा की नवनियुक्त अध्यक्ष महासुमंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के और अन्य नेता शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से 17 सितंबर से लेकर सेवा संकल्प अभियान को अब 17 अक्टूबर तक चलाने का फैसला किया है।

ट्रेन में कुत्तों ....

रोहित कुमार ने सभी रेलवे जोन को जारी किया है। पहले के नियमों के अनुसार दो या उससे अधिक कुत्तों को एक ही डॉग बॉक्स में रखने की स्थिति में उन्हें जंजीर से बांधकर ले जाना पड़ता था, ताकि वे आपस में लड़ न सकें।

बड़े उद्योग के साथ वन और ....

है। यह कैसे पूरा होगा? इस पर कलेक्टर ने कहा कि दंतेवाडा जिले में जिला पंचायत के सीईओ रहते समय 2021-22 में ऐसी स्थिति रही कि कटेकल्याण ब्लॉक में कोई अधिकारी रात को रूकते नहीं थे। दौरा कर लौट आते थे उस समय यदि कोई कहता कि 31 मार्च 2026 को नक्सल समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी, इस पर शंका होती।

- **सवाल** - स्थानीय युवाओं और व्यापारियों को आगे बढ़ाना है या बाहर से बुलाकर उद्यमियों को अवसर देना है?
- **जवाब** - बस्तर जिले के सात ब्लॉक में स्थानीय युवाओं को यहां कि वन और खनिज संपदा सहित अन्य उत्पाद को वेल्यू एडिशन बनाकर अधिकतम लाभ दिलाने का प्रयास चल रहा है। जिसमें स्थानीय लोग सम्मिलित हो रहे हैं।
- **सवाल** -किन- किन क्षेत्र में विशेष संभावनाएं और अनुकुल वातावरण की स्थिति है?
- **जवाब** - बस्तर में विशेष रूप से कृषि, उद्यानिकी, वनोपज, पर्यटन और खनिज पर आधारित उद्योग और यूनिट से स्थानीय रहवासियों को आत्मनिर्भर बनाकर उनका सर्वांगीण विकास करना है। शासन प्रशासन का विजन क्लीयर है पर्यटन पर यहां अपार संभावनाएं है। चित्रकोट में ग्लास ब्रज के अलावा आसपास के क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए 6 करोड का प्लान बना है। इसमें आदिवासी संस्कृति, सभ्यता, डान्स, वेशभूषा, आवास सहित सभी तरह के उनके कल्चर पर बादल संस्था में कार्य हो रहे हैं।
- **सवाल** - उद्योग के लिए जमीन की उपलब्धता की क्या स्थिति है?
- **जवाब** - शासन के निर्देश पर औद्योगिक विकास के लिए एरिया डेवलप करने पर काम हो रहा है। नियानार में 1191 एकड़ लैंड बैंक है, वहीं दो तीन माह में इंडस्ट्रियल एरिया का काम पूरा होगा। बस्तर में जमीन के मामलें में इस तरह की कुछ चुनौतियां है, लेकिन नियमानुसार इसे दूर करने का प्रयास होता है।
- **सवाल** - जगदलपुर जंक्शन होने से मास्टर प्लॉन पर सरकार का कितना ध्यान है?
- **जवाब** - मास्टर प्लॉन का काम अर्ली स्टेज में है, उसमें औद्योगिक क्षेत्र नगरनार को भी शामिल किया गया है। सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर भी काम हो रहा है।
- **सवाल** -जमीन के दाम बढने से अवैध कार्य की संभावना रहती है?
- **जवाब** - जगदलपुर व्यवस्थित शहर है, यहां के कारोबारी नियम कायदों का पालन करते हुए व्यापार उद्योग के लिए पहल करते हैं।
- **सवाल** -यहां वन और खनिज संपदा भरपूर है, पिछले तीस साल से वेल्यू एडिशन की बात सुन रहें है, लेकिन ऐसा कुछ दिखता नहीं है?
- **जवाब** - जिन क्षेत्रों में वन उपज और खनिज है। वह इलाका नक्सल समस्या से जूझ रहा था। अब शांति का मार्ग प्रशस्त होने से वहां की संपदा का वेल्यू एडिशन तैयार करने में दिक्कत नहीं होगी।

डॉ. हिमांशु द्विवेदी को कलेक्टर आकाश छिकारा ने भरोसा दिलाया कि आनेवाले समय में जिस तेजी से काम हो रहा है, उसका परिणाम दिखने लगेगा और केन्द्र और राज्य सरकार की यह मंशा कि बस्तर संभाग देश का सर्वाधिक समृद्ध आदिवासी इलाका होगा यह पूरा हो सकेगा।

100 प्रतिशत बढ़ा सकते हैं व्यापार : स्वागत भाषण चेंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी और संचालन विमल बोथरा ने किया। दूसरे सत्र में एआई ट्रेनर लक्षित सेठिया और बिजनेस कोच अखिल एम ने किस तरह व्यापार को 100 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता, उस पर स्थानीय व्यापारियों को आधुनिक तकनीक अपनाकर आगे बढ़ने और सफल उद्योगपति बनने का उपाय बताए। इस मौके पर पूरे संभाग से पदाधिकारी एवं व्यापारी सदस्य पहुंचे।

आवापल्ली में स्कूल ...

से ईंट खराब होने से नुकसान हुआ। पैसा नहीं था, काम जरूरी था। साइकिल से जाते थे। एक बाइक में तीन पार्टनर सवार होकर पहुंचते थे। आवापल्ली से लौटकर रायपुर में 1991 में छोटे स्तर पर स्टील का व्यापार शुरू किया। इस यात्रा में लोगों का भरोसा काफी काम आया, उस समय 2002 में 2 करोड़ 15 लाख से फैक्टरी लेकर काम शुरू किया। तीन भाइयों के शुरू हुए इस व्यवसाय में आज भी विश्वास और सामंजस्य है।

जोरा माल लेना जोखिम ...

द्विवेदी के सवाल पर कि बंद पडे कारखाने को खरीदकर घाटे का सौदा से डर नहीं लगता? इस पर उन्होंने कहा बस्तर के आरापुर में भी जो प्लांट खरीदा हूं इसमें भी ऐसी स्थिति आई लेकिन सोचा जमीन और लोहा तो है काम तो आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारी कभी रिटायर नहीं होता उसके लिए हर अवस्था में सम्भावना रहती है। अवसर आने पर पीछे नहीं हटना चाहिए।

आईएएस में दो बार ...

पहली बार तीन सामान का निर्यात दुबई में किया। बेसन 5 टन, इमली 10 टन और चिरौंजी 2 टन जिसमें बेसन खराब हो गया, इमली का पैसा मिला नहीं और चिरौंजी वापस आ गया। चिरौंजी खराब होने से फेंक दिया गया इस तरह व्यापार में पहला ही प्रयास घाटे का रहा। उन्होंने कहा कि रायगढ से बंबई ट्रेन में अखबार बिछाकर लगातार यात्रा करता रहा कभी भी मन में निराशा जैसी बात नहीं आई। बल्कि यात्रा में इंजाय करता रहा। 2008 में रमतिल का एक्सपोर्ट किया। अमेरिका और यूरोप में कंट्रेक्ट का बाइबल जैसे मानता है जबकि चीन और वियतनाम में फायदा देखा जाता है। इस तरह काम आगे बढ़ता रहा। तेजी से के दौर में पैसा आने लगा और व्यापार बढ़ता गया।

यह सरकारी दादागिरी ....

कुम्हारी में दो अलग अलग टोल प्लाजा संचालित किए। लगभग 10 साल चलाने के बाद जब इस कंपनी की टेंडर अवधि समाप्त हुई तो भिलाई का टोल प्लाजा बंद कर दिया, लेकिन कुम्हारी के टोल को नहीं बंद किया गया। हर दो साल में अलग अलग कारणों से इसके टेंडर अवधि को एनएचएआई के द्वारा बढ़ा दिया जाता है। जानकारी के मुताबिक इस समय एनएचएआई ने इस टोल प्लाजा का टेंडर पुणे की कंपनी जसप्रीत सिंह रघुवीर सिंह को दिया है। इन्हें यह टेंडर 8 अप्रैल 2026 से 8 अप्रैल 2027 तक के लिए मिला है। कंपनी के डीजीएम फूलसिंह राठौर ने बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा को एनएचएआई और एनएच पीडब्यूडी दो अलग-अलग एजेंसी काम देख रही हैं।

18 लाख प्रतिदिन ....

कंपनी का कहना है कि उन्हें हर दिन एक से डेढ़ लाख रुपए का घाटा हो रहा है।

पहले से डबल ....

बड़ी गाड़ियों से 185 रुपए की टोल वसूली की जा रही है। भिलाई से रायपुर रोजाना आने जाने वाले लोगों के लिए मंथली पास की सुविधा भी दी गई है। लोग 350 रुपए मंथली देकर पास बनवा सकते हैं , जिससे उन्हें एक महीने तक एक भी टोल नहीं देना होगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/26/33, तिथिः 11.08.2026

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय	मात्रा
1	06261039	स्टेनलेश स्टील सिमलेश पाईप टू एएसटीएम-ए 312 शिडच्यूल 40एस जीआर. टीपी 304 (सिमलेश) इन लेन्थ ऑफ 6 मीटर 32 एमएम.	27.08.2026 At 10:30 hrs	15925 मीटर
2	0226407 1A	मेन कम्प्रेसर [ऑयल लुब्रीकेटेड] फॉर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (डब्ल्यूएजी-9 टाईप) (1745 एलपीएम..	08.09.2026 At 10:30 hrs	44 नग
3	03262008	"मोडिफाईड डोर मेडिएटर"	31.08.2026 At 10:30 hrs	1994 नग
